
**सुविचार**
जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 02 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 197 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com



सोशल मीडिया पर कहर बरपा रही किम


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,459.31 |
| निफ्टी | : | 19,733.55 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,685 |
| चांदी | : | 81.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने पूर्वी नौसेना की कमान संभाली

**NEW DELHI :** वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने मंगलवार को नौसेना बेस पर आयोजित एक प्रभावशाली औपचारिक परेड में पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पेंढारकर ने सेरेमोनियल गार्ड का निरीक्षण किया और ईएनसी के विभिन्न जहाजों और कर्मियों की प्लाटून की समीक्षा की। समारोह में जहाजों, पनडुब्बियों और प्रतिष्ठानों के सभी ध्वज अधिकारियों और कमांडिंग अधिकारियों ने भाग लिया। नौसेना कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक जनवरी, 1987 में भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त वाइस एडमिरल पेंढारकर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, नेवल वॉर कॉलेज, करंजा और नेवल कमांड कॉलेज, न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड, यूएसए से स्नातक हैं।

### कश्मीर के 11 स्थानों पर एनआईए और सीआईके की संयुक्त छापेमारी

**SRINAGAR :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और काउंटर-इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने मंगलवार को संयुक्त रूप से वर्ष 2020 में दर्ज एनजीओ फंडिंग मामले में वकील परवेज इमरोज के आवास सहित कश्मीर में 11 स्थानों पर छापेमारी की है। एनआईए के अधिकारियों ने पुलिस और सीआरपीएफ की सहायता से घाटी के श्रीनगर, कुपवाड़ा, बडगाम, पुलवामा और शोपियां जिलों में 11 स्थानों पर छापेमारी की है। श्रीनगर में एनआईए के अधिकारियों ने बोनपोरा बटमालू में मोहम्मद सादिक डार के बेटे जुबैर सिद्दीक डार के आवास पर छापा मारा।

### दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा कारखाना कानपुर में लगाएगा अडानी डिफेंस

**NEW DELHI :** अडानी डिफेंस भारतीय और वैश्विक बाजारों के लिए गोला-बारूद की पूरी श्रृंखला बनाने के लिए दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा कारखाना कानपुर में लगाएगा। अडानी डिफेंस डीआरडीओ के साथ लंबी दूरी के निर्देशित बम, लंबी दूरी की एंटी-रेडिएशन मिसाइल और अत्यधिक घातक समुद्री-स्किमिंग एंटी-शिप मिसाइलों जैसी महत्वपूर्ण मिसाइल प्रणालियों पर भी काम कर रहा है। अडानी डिफेंस ने 2022-23 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि हम राष्ट्रीय महत्व की बड़ी और जटिल परियोजनाओं को पूरा करने के लिए की ताकत और प्रत्येक में समय से पहले सोचने की एक सहज क्षमता का निर्माण करते हैं।

### अलकायदा के तीन अहम मददगार गिरफ्तार

**RAJKOT :** गुजरात एटीएस ने राजकोट के सोनी बाजार से आतंकी मॉड्यूल का पदार्फाश करते हुए सोमवार देर रात आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पिस्तौल और 10 कारतूस जब्त किये गए हैं। तीनों को रिमांड के लिए राजकोट कोर्ट में पेश किया जाएगा। गुजरात एटीएस ने कल देर रात राजकोट में ऑपरेशन चलाकर तीन आरोपियों अमन, अब्दुल शुकूर और सैफ नवाज को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपित आतंकी संगठन अलकायदा के लिए स्लीपर सेल की फंडिंग और अन्य तरह की मदद में सक्रिय थे।



पुणे के प्रसिद्ध दगडूशेठ गणपति मंदिर में पूजा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# मिशन 2024 : पीएम मोदी ने झारखंड के सांसदों को दिया चुनावी जीत का मंत्र

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव की कमान संभाल ली है। उन्होंने सोमवार देरशाम भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कुछ सांसदों के साथ पहली बैठक की। बैठक में झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सांसदों के अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। यह बैठकें 10 अगस्त तक जारी रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी सांसदों को इस बार पहले से भी ज्यादा सीटें जीतने का मंत्र दिया। अगले 25 साल में भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य भी रखा। बैठक के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने बताया कि पार्टी की आंतरिक बैठकें हैं। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एनडीए के 25 वर्ष पूरे होने पर यह बैठक हुई है। एनडीए 25 वर्षों से देश की सेवा कर रहा है। देश के विकास में एनडीए की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उल्लेखनीय है कि एनडीए सांसदों की अगली बैठक 2 अगस्त को उत्तर प्रदेश (काशी, गोरखपुर और अवध), तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप के लिए होगी। इसके बाद 3 अगस्त को एक और बैठक होगी, जिसमें बिहार, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर चर्चा होगी। 8 अगस्त की बैठक राजस्थान, महाराष्ट्र और गोवा के लिए होगी। वहीं 9 अगस्त को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, गुजरात, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के लिए बैठक होगी।

# हर किसी का सपना पूरा करना मोदी की गारंटी

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार राज्य के विकास से देश के विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार को सरकार की प्रतिबद्धता बताते हुए उन्होंने कहा कि चाहे गरीब हो या मध्यम वर्ग, हर किसी के सपने को पूरा करना मेरी गारंटी है। प्रधानमंत्री पुणे मेट्रो के पूर्ण हो चुके खंडों के उद्घाटन के अवसर पर मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 1280 से अधिक घर और पुणे नगर निगम द्वारा निर्मित 2650 से अधिक पीएमएवाई घर भी लाभार्थियों को सौंपे। उन्होंने पीसीएमसी द्वारा निर्मित किए जाने वाले लगभग 1190 पीएमएवाई घरों और पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 6400 से अधिक घरों की आधारशिला रखी।

# आईएएस छवि रंजन के साथ मिलकर कारोबारी विष्णु अग्रवाल ने रांची में किया तीन भूखंडों का फर्जीवाड़ा

## ईडी जांच में सामने आया तथ्य, DC रहते छवि रांजन ने अवैध रूप से दिलाया था कब्जा

**CRIME REPORTER RANCHI :** जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी जांच में पता चला है कि न्यूक्लियस मॉल संचालक विष्णु अग्रवाल के जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन के बीच घनिष्ठ संबंध हैं। छवि रंजन ने तीन जमीन पर अवैध रुप से कब्जा दिलाया था। इसमें प्लाट नं. 28, खाता नं. 37, खाता नं. 93, प्लॉट नं. 543, 544, 546 एवं 547, कुल क्षेत्रफल 9.30 एकड़ और 5.883 एकड़ एमएस प्लॉट नं. 908, 851 (पी) एवं 910 (पी) शामिल है। जमीन की अवैध तरीके से खरीद-





बिक्री मामले में इस बात का खुलासा किया था कि विष्णु अग्रवाल ने छवि रंजन के सहयोग से फर्जीवाड़ा किया था। कोर्ट के आदेश के बाद सदर थाने में इस मामले 8 सितंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। भूमि घोटाले में दर्ज ईसीआईआर में ईडी ने उक्त केस को भी जोड़ दिया है। छानबीन में पता चला कि राजेश राय और भरत प्रसाद ने गलत तरीके से चेशायर होम रोड की उक्त एकड़ जमीन पर कब्जा किया। उक्त जमीन का खाता नंबर 37 व प्लॉट नंबर 28 है। राजेश राय ने अपने सहयोगियों की मदद से एक फर्जी डीड 184/1948 बनाया और उसका पावर आफ अटार्नी गलत तरीके से इम्तियाज अहमद व भरत प्रसाद को दे दिया। राजेश राय से पावर आफ अटार्नी लेने के बाद इम्तियाज अहमद व भरत प्रसाद ने उक्त जमीन को पुनीत भार्गव नामक व्यक्ति को बेच दिया। एक अन्य आरोपित लखन सिंह ने भी स्वीकार किया है कि छह फरवरी 2021 को पुनीत भार्गव के पक्ष में डीड बना था। डीड में एक करोड़ 78 लाख 55 हजार 800 रुपये में बेचे जाने का जिक्र है। इसमें केवल 25 लाख रुपये ही पुनीत भार्गव ने अपनी कंपनी शिवा फेबकान के खाते से भुगतान किया था। इसके अलावा, शेष राशि को गलत तरीके से डीड में दिखाया गया है। पुनीत भार्गव ने उक्त जमीन को खरीदने के दो महीने के बाद ही विष्णु अग्रवाल को 1.80 करोड़ रुपये में बेच दी थी। विष्णु अग्रवाल ने एक अप्रैल 2021 को दो सेल डीड से उक्त जमीन खरीदी थी।


**पेज 3 में पढ़े :**
**विष्णु अग्रवाल को भेजा गया जेल पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में किया गया पेश, आज फिर होगी सुनवाई**


# दिल्ली सेवा बिल लोकसभा में पेश

**NEW DELHI :** दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित अध्यादेश को लेकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक- 2023 मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया। इसके अलावा सदन में तीन विधेयक पारित किए गए। लोकसभा में मंगलवार को भी मणिपुर मुद्दे पर व्यवधान रहा और कार्यवाही पहले दो बजे, फिर तीन बजे और बाद में तीन विधेयकों को पारित कर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में आज जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक 2023, अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2023 और संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश संशोधन विधेयक- 2023 पारित किए गए। इसके बाद कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले दो बजे कार्यवाही शुरू होने पर गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक-2023 पेश किया। विधेयक का कुछ विपक्षी सांसदों ने विरोध किया। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विधेयक के विरोध केवल राजनीतिक है और इसका संवैधानिक आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन को संविधान के अनुसार दिल्ली संघ शासित राज्य के लिए किसी भी कानून को लाने का अधिकार है।

# 11988 करोड़ का अनुपूरक बजट विधानसभा से पारित

## भाजपा का कटौती प्रस्ताव निरस्त, विनियोग विधेयक को भी मंजूरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन ने 11,988 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया। साथ ही इस पर भाजपा विधायक अमर बाउरी के कटौती प्रस्ताव को निरस्त किया गया। इसके अलावा विनियोग विधेयक को भी सदन ने मंजूरी दे दी।

अनुपूरक बजट पास करने के पूर्व अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान राज्य में आईएएस-आईपीएस के ट्रांसफर पोस्टिंग का मसला विधायक अमित यादव ने उठाया। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट लाना सरकार का अधिकार है पर सरकार को पानी की भी चिंता करनी होगी। सुखाड़ की स्थिति राज्यभर में आ चुकी है। खेती और पीने को पानी नहीं है। सुखाड़ के बीच सरकार आईएएस-आईपीएस का ट्रांसफर तो कर रही है पर कई विभागों में जरूरत के बावजूद पोस्टिंग नहीं कर रही। कृषि निदेशक का और दूसरे पद खाली हैं।




विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन हंगामा करते भाजपा विधायक।

सरयू राय ने विभागों को अनुपूरक बजट के जरिये राशि उपलब्ध कराने के मसले पर कहा कि वित्त मंत्री को देखना चाहिए कि वास्तव में बजट के जरिये दी गयी राशि का क्या सदुपयोग हो रहा है। जिस मद में पैसा जा रहा है, उसका क्या उपयोग हो रहा। उसकी स्थिति क्या है। उन्होंने सदन से मांग करते कहा कि एक विशेष कमेटी बनाकर राशि के उपयोग को देखा जाए या फिर सीएजी को ही दे दें। सरयू राय ने कहा कि जिन विधायकों को बजट के कटौती प्रस्ताव पर बोलना था, वही सदन में नहीं हैं। यह अशोभनीय है, पहली बार दिखा है। जमशेदपुर सहित अन्य शहरों में बस चुकी बस्तियों और उनमें रहने वालों को नियमित किए जाने की बात कही। जमीन का मालिकाना हक देने के अलावा जमशेदपुर में नगरपालिका की जरूरत बतायी। उन्होंने अल्प वेतन भोगियों को ओडिशा सरकार की तरह नियमित करने या कर्मियों के खाते में पूरे पैसे देने और आउटसोर्सिंग कंपनी को एक निश्चित कमीशन देने की भी बात कही। पथ निर्माण विभाग द्वारा गलत सूचना दिए जाने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा खरीद मामले में आसन के नियमन के उल्लंघन की भी बात रखी। लंबोदर महतो ने कहा कि बिहार सरकार की तरह यहां भी जाति आधारित गणना होनी चाहिए। पटना हाई कोर्ट ने इस काम को सही ठहराया है। ऐसे में झारखंड में भी यह गणना अपने खर्च पर सरकार कराए।

### भाजपा विधायकों का धरना राज्य को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

भाजपा ने सदन के बाहर विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना दिया। भाजपा विधायकों ने झारखंड को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की। वहीं नियोजन नीति को लेकर भी भाजपा विधायक तीसरे दिन मुखर रहे। साथ ही सरकार से राज्य में नियोजन नीति लागू करने की मांग की। भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने निरसा के पांड्रा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चालू करने की मांग की।

# मणिपुर में कानून व्यवस्था ध्वस्त : SC

## सुप्रीम कोर्ट ने की कड़ी टिप्पणी, राज्य के डीजीपी को किया तलब

**AGENCY NEW DELHI :** मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने के केस में मंगलवार यानी 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस की जांच को सुस्त बताया। कोर्ट ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। लाइव लॉ के मुताबिक कोर्ट ने हैरानी जताई कि राज्य की जातीय हिंसा में लगभग 3 महीने तक एफआईआर ही दर्ज नहीं की गई। बाद में जब 6000 से ज्यादा एफआईआर हुईं तो इनमें चंद गिरफ्तारियां की गईं। सुप्रीम कोर्ट ने



मणिपुर डीजीपी को कोर्ट में हाजिर होकर इन सभी सवालों का जवाब देने का निर्देश दिया है। एफआईआर में देरी पर केंद्र ने कोर्ट से कहा कि मणिपुर में हालात बेहद खराब हैं। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। पिटीशन में पीड़ित महिलाओं की पहचान जाहिर नहीं की गई है। उन्हें 'एक्स' और 'वाई' नाम से संबोधित किया गया है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगी। कुकी महिलाओं से रेप और हत्या के मामले में याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कहा कि यह रिपोर्ट कानून के खिलाफ है। इसमें पीड़ित महिलाओं के नाम हैं।

# मुंबई : हाइवे पर गर्डर मशीन गिरने से 20 की मौत, तीन घायल

**MUMBAI :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के शाहपुर में सरलांबे गांव में मुंबई-नागपुर समृद्धि हाइवे के तीसरे चरण के काम दौरान गर्डर लॉन्चिंग मशीन और क्रेन गिरने से 20 मजदूरों की मौत हो गई है। इस हादसे में तीन मजदूर घायल हुए हैं। सभी को शासकीय अस्पताल कलवा से मुंबई के सायन अस्पताल शिफ्ट किया गया है। घायलों की हालत चिंताजनक बताई गई है। एनडीआरएफ की टीम अभी भी मलबे को खंगाल रही है।

# नूंह के बाद पलवल-गुरुग्राम में भी हिंसा

## कर्फ्यू जारी, इंटरनेट बंद, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी अलर्ट


**AGENCY NUH :** हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान सोमवार को हुई हिंसा और बवाल के बाद मंगलवार को भी तनाव बना हुआ है। नूंह में 2 अगस्त तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। इलाके में पैरामिलिट्री की 13 कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसा नूंह (मेवात) के बाद गुरुग्राम तक फैल गई है। जिसे देखते हुए इन दो जिलों के साथ ही रेवाड़ी, पलवल, फरीदाबाद, सोनीपत समेत 6 जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। नूंह



में 2 अगस्त तक इंटरनेट बंद कर दिया है। नूंह, फरीदाबाद, गुरुग्राम और पलवल में मंगलवार यानी 1 अगस्त को सभी स्कूल-कॉलेज और कोचिंग सेंटर बंद कर दिए गए। नूंह में 10वीं, 12वीं की 1 और 2 अगस्त को होने वाली बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। पलवल में होडल के मेन बाजार के पास गांधी चौक पर कपडे की दुकान और सिलाई मशीन की दुकान के ताले तोड़कर 15-20 अज्ञात व्यक्तियों ने तोड़-फोड़ और लूटपाट की गई। इसके बाद 50-60 लोगों की भीड़ ने परशुराम कॉलोनी की लगभग 25-30 झोपड़ियों में आग लगा दी। उपद्रवी यहीं नहीं रुके। दोपहर बाद एक कबाड़े की दुकान को जला दिया तो होडल में सामान से भरे हुए चार ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। पुन्हाना रोड पर बनी पार्किंग में खड़े 4 बंद बॉडी के कंटेनर को आग के हवाले कर दिया गया।

## चरणबद्ध तरीके से सफलता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा इसरो का महत्वपूर्ण मिशन

# चंद्रमा पर पांच को पहुंचेगा चंद्रयान-3




**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का महत्वपूर्ण मिशन चरणबद्ध तरीके से सफलता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मिशन का चंद्रयान-3 ऐतिहासिक सफलता पूर्ण कर पृथ्वी की कक्षा को छोड़ चंद्रमा की ओर चल पड़ा है। इसरो ने पृथ्वी की सभी आर्बिट के चक्कर लगा चुके चंद्रयान-3 को एक अगस्त की आधी रात चंद्रमा के रास्ते की तरफ इजेक्ट किया था। इसरो ने मंगलवार सुबह ट्वीट कर इस उपलब्धि को दुनिया से साझा किया है। इसरो ने कहा है कि तय समय पर यान को पृथ्वी की आर्बिट से इजेक्ट करने के लिए ऑन किया गया और उसको पर्याप्त एक्सीलेरेशन देकर चांद की तरफ जाने वाले रास्ते पर भेज दिया गया। अब अगला पड़ाव चंद्रमा है। इसे 5 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इसरो ने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण किया गया था। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में एक प्रणोदन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। इस मिशन का खास मकसद लैंडर को चंद्रमा की धरती पर सुरक्षित उतारना है। चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करने के कुछ दिनों बाद लैंडर प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हो जाएगा। लैंडर के 23 अगस्त की शाम 5:47 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है।

# ISI के लिए जासूसी करने वाला गिरफ्तार

**LUCKNOW :** उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले मुकीम उर्फ अरशद को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट के समक्ष पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। एटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार रईस, अरमान अली और मो. सलमान सिद्दीकी से गहन पूछताछ के दौरान मुकीम के बारे में पता चला था। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें तलाश में थी। एटीएस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोबाइल, दो सिम और 617 रुपये नकद बरामद हुआ है। आरोपी मूलरूप से गोण्डा जिले का रहने वाला और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।

# 355 करोड़ से हटिया रेलवे स्टेशन बनेगा MODEL

## छह अगस्त को पीएम करेंगे शिलान्यास

● पिस्का रेलवे स्टेशन को भी विकसित करने के लिए 27 करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च




**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन बहुत जल्द मॉडल होगा। केंद्र सरकार इस पर 355 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा पिस्का रेलवे स्टेशन को भी विकसित करने के लिए 27 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह अगस्त को दिल्ली से ऑनलाइन इन दोनों प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। हटिया रेलवे स्टेशन राजधानी रांची का प्रमुख रेलवे स्टेशन है। यह भारतीय रेलवे के दक्षिण पूर्वी रेलवे जोन से संबद्ध है। यह स्टेशन देश के अधिकांश प्रमुख शहरों से रेलवे संजाल से जुड़ा है। हटिया स्टेशनव रांची-राउरकेला रेलवे खंड पर है। हटिया स्टेशन को स्मार्ट सिटी रांची के मेन जंक्शन के रूप में भी विकसित किया जाना है।

## BRIEF NEWS

### विधानसभा में अंबा प्रसाद ने एलिफेंट कॉरिडोर बनाने की मांग

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने एलिफेंट कॉरिडोर बनाने की मांग की। सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विधायक ने कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र समेत राज्य में बृहत पैमाने पर हो रहे खनन कार्य के कारण हाथियों के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए हैं, जिसके कारण आए दिन हाथियों एवं इंसानों में टकराव देखने को मिलते रहता है। उन्होंने कहा कि राज्य में हाथी गलियारा (एलीफेंट कॉरिडोर) बनाने के मामले पर पहल की गई लेकिन इस संबंध में किसी भी प्रकार का परिणाम नहीं निकला। राज्य स्तर से इसकी अधिसूचना भी जारी नहीं की गई है, जिसके कारण हाथी गलियारा नाम की कोई चीज अस्तित्व में नहीं है जबकि आए दिन इंसानों और हाथियों में टकराव देखने को मिलते रहता है।

### प्रधानमंत्री 6 अगस्त को करेंगे अमृत भारत के तहत घाटशिला स्टेशन का शिलान्यास

**GHATSHILA:** रेल बजट में घोषित अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 6 अगस्त को घाटशिला स्टेशन का शिलान्यास करेंगे। समारोह को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे ने तैयारियां तेज कर ली हैं। इसे लेकर डीएन खड़गपुर अनिल कुमार गुप्ता, एडीआरएम गिरीश कुमार ने घाटशिला रेलवे स्टेशन का मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने रेल अधिकारियों को साफ-सफाई पर ध्यान देने का आदेश दिया, जबकि कर्मचारियों से अन्य समस्याओं की जानकारी ली। डीएन खड़गपुर अनिल कुमार गुप्ता ने गंदगी देख विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई एवं सुधार लाने का निर्देश दिया। जानकारी हो कि जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के लगातार प्रयास से रेलवे बोर्ड में घाटशिला स्टेशन को भी अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया है. इससे आने वाले दिनों में घाटशिला स्टेशन में देश की अन्य बड़ी स्टेशनों के समान भी नागरिक सुविधा में बढ़ोतरी होगी तथा सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### कांग्रेस, एनसीपी और टीएमसी कर रहे तिरंगा का इस्तेमाल : गुड्डू खान

**PALAMU :** मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सही पाया गया है। पुलिस जांच के बाद एफआइआर दर्ज कर ली गयी है, लेकिन इस मामले में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य गुड्डू खान (गुलाम गौस खान) सोशल मीडिया के माध्यम से विरोध जता रहे हैं। मंगलवार को उनके पोस्ट को पढ़ने के बाद स्पष्ट पता चलता है कि वे इस पूरे प्रकरण को राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ नहीं मानते हैं।

### दुमका में मणिपुर हिंसा के खिलाफ INDIA का विरोध-प्रदर्शन

**DUMKA:** आईएनडीआईए ने मणिपुर घटना के विरोध में मंगलवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। घटक दल के कार्यकर्ता दुमका के डीसी चौक से शहर भ्रमण करते हुए ढोल-नगाड़ों के साथ केंद्र सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए समाहरणालय परिसर पहुंचे। मणिपुर घटना पर केंद्र सरकार की चुप्पी का आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग की। साथ ही इस मुद्दे पर देश के सर्वोच्च सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जवाब देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में दुमका जिला प्रभारी रविंद्र वर्मा, जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी पंकज मिश्रा सहित प्रदेश स्तरीय कांग्रेस के नेता शामिल हुए।

# स्पीकर प्रश्नकाल चलाने का करते रहे आग्रह, भाजपा विधायक करते रहे हंगामा

## बिरंची नारायण ने कहा- झारखंड में नियोजन नीति बनी नहीं, बावजूद 26,001 नियुक्तियों के लिए जारी हो गया विज्ञापन




**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजकर 7 में शुरू हुई। स्पीकर ने आसन पर बैठते ही प्रश्नकाल शुरू करने की घोषणा की, लेकिन इससे पहले भाजपा के सचेतक बिरंची नारायण ने नियोजन नीति का मुद्दा उठा दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में नियोजन नीति बनी नहीं है और 26,001 नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी हो गया। फिर कोई इस मामले को हाईकोर्ट लेकर चला जायेगा और युवाओं का भविष्य अंधेरे में लटका रह जायेगा। इसके बाद धीरे-धीरे कर भाजपा के विधायक अपनी सीट पर खड़े हो गये और वेल की तरफ पहुंचने लगे। विधायकों ने वेल में सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर उनसे आग्रह करते रहे कि प्रश्नकाल लेने दें, लेकिन भाजपा के विधायक मानने को तैयार नहीं थे।

**आखिर क्यों यह नौबत आयी**

इस बीच भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि कल भी सदन बाधित था और आज भी। यह नौबत आखिर क्यों आयी है. जब पहले दिन कार्य मंत्रणा की बैठक हुई थी, उस दिन तय हुआ था कि स्पीकर नियोजन नीति स्थानीयता और कानून व्यवस्था पर सदन में बहस करायेंगे। बैठक में फिर सोमवार को कार्य मंत्रणा की बैठक बुलाने की बात कही गयी थी, लेकिन सोमवार को कार्य मंत्रणा की बैठक नहीं हुई। ऐसे में क्या भाजपा के लोग सदन में सिर्फ असत्य बातों को सुनने आये हैं। विपक्ष में होने के नाते सरकार से जवाब मांगना भाजपा का अधिकार है.

**12:30 तक सदन की कार्यवाही स्थगित**

हंगामे के बीच में कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने बालू का मुद्दा उठाया। वहीं लोबिन हेंब्रम ने खनन पट्टा लीज का मामला उठाया। इसके बाद विधायक मनीष जायसवाल की बारी आयी। उन्होंने खेलकूद विभाग से संबंधित सवाल डाला था। लेकिन जब पूरक प्रश्न पूछने के लिए वो खड़े हुए तो वो नियोजन नीति और दूसरे मुद्दों पर बोलना शुरू कर दिया। कहा कि ये उससे ज्यादा जरूरी सवाल है. इसपर स्पीकर ने कहा कि अगर ज्यादा जरूरी सवाल था तो उस सवाल को सदन में अल्प सूचित प्रश्न की जगह लाना चाहिए था। इसके बाद फिर भाजपा विधायकों का हंगामा शुरू हो गया और स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## चुनरी ओढ़ व टीका लगा सदन में पहुंचे इरफान अंसारी



**RANCHI :** झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधायक इरफान अंसारी का एक वीडियो ट्वीट करते हुए लिखाह्न कुछ भोले हिन्दुओं ने कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को मंदिर में बुलाया और उन्हें तिलक लगा दिया। एक मिनट भी नहीं लगा जब विधायक जी ने सबके सामने ही वो तिलक अपने माथे से पोछ डाला और बाद में हिंदुओं से कहा- 'आपलोग वोट नहीं भी देंगे, तब भी हम जीत जाएंगे'. लिखा कि चिंता मत कीजिये इरफान जी, झारखंड की जनता इस बार आपलोगों की इस घटिया मानसिकता का जवाब जरूर देगी' विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी चुनरी ओढ़कर विधासभा पहुंचे। उन्होंने बाबूलाल मरांडी के ट्वीट कर जमकर हमला बोला। इरफान अंसारी ने कहा, क्या बाबूलाल जी जलसाजी सीख गए, वीडियो क्रॉप करना सीख गए, ये अच्छी बात नहीं है. उन्होंने बाबूलाल की तुलना भानु प्रताप शाही से की। इरफान ने कहा कि बाबूलाल जी को सेकुलर ने वोट दिया है और कट्टरता आ गई आपके अंदर। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के लोग बाबूलाल का पुतला फुकेंगे। इसपर बीजेपी विधायक रणधीर सिंह ने कहा इरफान अंसारी का पोल खुल गया। वो हिंदू को बरगला कर वोट लेते हैं। इन्होंने हिंदू समुदाय को अपमानित करने का काम किया है, इन्होंने हिंदू धर्म को अपमानित करने का काम किया है. इन्होंने हिंदू मंदिरों को अपमानित करने का काम किया।

जिहादी मानसिकता के लोग को आने वाले चुनाव में हिंदू समाज कड़ा जवाब देगी। चुनरी ओढ़ के आने की बात पर उन्होंने इरफान अंसारी को नाटक बाज बताया। विधायक सीपी सिंह से इरफान अंसारी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि कौन इरफान अंसारी। फिर हंसते हुए उन्होंने कहा उनका प्रिय है और प्यार से वह उन्हें पप्पू कहते हैं।

## विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से सरकार को हुआ दो हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान



**RANCHI :** अनुपूरक बजट पर अपने विचार रखते हुए आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि राज्य के हेमंत सरकार बने 43 महीने हो गए, मगर अब तक बालू घाटों की नीलामी नहीं हो सकी। संबंधित विभाग के पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकार को 2000 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान हुआ और उपर से जनता बालू के लिए परेशान रही। लंबोदर महतो ने कहा कि अनुपूरक बजट की जरूरत नहीं है, सरकार ने मूल बजट में जो राशि का प्रावधान किया था वह अभी तक खर्च नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि 60:40 के आधार पर किसी प्रकार की नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। इससे आगे कहा कि सरकार को जल्द से जल्द 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति लाकर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करना चाहिए। उन्होंने बेरमो को जल्द से जल्द जिला बनाने की भी मांग की।

# मुख्यमंत्री से राज्य अल्पसंख्यक आयोग और वक्फ बोर्ड की गठन प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने का आग्रह



**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने मुलाकात की। भेंट-वार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री से उन्होंने राज्य में अल्पसंख्यक आयोग एवं वक्फ बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का आग्रह किया।

झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं मंत्री आलमगीर आलम ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य में अल्पसंख्यकों के समुचित विकास के लिए अल्पसंख्यक आयोग एवं वक्फ बोर्ड का गठन होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय को राज्य सरकार से काफी उम्मीद और अपेक्षाएं हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं वक्फ बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का भरोसा उन्हें दिया।

## जन जागरूकता के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने एलईडी प्रचार वाहन को किया रवाना



**RANCHI :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता के लिए झारखंड विधान सभा परिसर से एलईडी प्रचार वाहन को सीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके शुभारंभ के मौके विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री आलमगीर आलम, विभागीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री हफिजुल हसन अंसारी के अलावा अन्य विधायक उपस्थित थे। प्रचार रथ को रवाना करने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस एईडी वाहन की मॉनिटरिंग राज्य सरकार करेगी। साथ ही इस वाहन में आधी हिस्सेदारी केंद्र सरकार व आधा राज्य सरकार का होगा।

# मणिपुर की घटना के विरोध में 'इंडिया' गठबंधन का राजभवन पर प्रदर्शन

## साबिर अंसारी ने राष्ट्रपति शासन लागू करने की रखी मांग



राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन करते 'इंडिया' के नेता ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** लगभग तीन महीने से जातीय हिंसा में बुरी तरह जल रहे मणिपुर की स्थिति को लेकर इडिया गठबंधन में शामिल दलों ने मंगलवार को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस सेवा दल रांची के जिला उपाध्यक्ष साबिर अंसारी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सेवा दल रांची जिला उपाध्यक्ष साबिर अंसारी ने कहा कि मणिपुर की इस दुर्दशा के लिए केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकार पूरी तरह से जिम्मेवार है। तीन महीने से मणिपुर गंभीर जातीय हिंसा में जल रहा है। वहां रहने वाले आदिवासी समुदाय के लोग अपनी जान बचाने के लिए सब कुछ छोड़कर राहत कैंपों में रहने को मजबूर हो रहे हैं, लेकिन डबल इंजन की सरकार इस ज्वलंत समस्या से मुंह मोड़ हुए हैं। इससे यह लगता है कि मणिपुर में जारी हिंसा के पीछे कहीं ना कहीं डबल इंजन सरकार की मौन सहमति है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना से आदिवासी, दलित व दबे-कुचले लोगों के प्रति भाजपा की मानसिकता देश में उजागर हो गई है, जिसका खमियाजा आगामी चुनाव में एनडीए गठबंधन को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मामला मणिपुर के मैतेई समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने से जुड़ा हुआ है। मणिपुर सरकार और केन्द्र सरकार को इस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। साथ ही राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि राज्यपाल के प्रतिवेदन की प्रतीक्षा किए बिना मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करें। हिंसा में करीब 130 लोग मारे गए और 400 लोग घायल हुए। 60 हजार से अधिक लोगों को घर छोड़ दूसरी जगहों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। राज्य में प्रशासनिक तंत्र पूर्णतः विफल हो चुका है। इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व विधायक बंधू तिर्की बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, कार्यकर्ता अध्यक्ष शहजादा अनवर, मुस्ताक आलम जेएमएम जिला अध्यक्ष, राकेश किरण कांग्रेस जिला अध्यक्ष, मदन कुमार महतो रांची लोकसभा वरिष्ठ नेता, अनिश खान उर्फ सुर्या विशेष रूप से शामिल थे।

# प्रदेश भाजपा ने गोकशी के लिए हेमंत सरकार को ठहराया जिम्मेदार




**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड में बढ़ती गोहत्या और गोमांस के व्यापार पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मंगलवार को हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीति के कारण अवैध व्यापार करने वाले कानून हाथ में लेकर कार्य कर रहे हैं। यहां तक कि पुलिसिया तंत्र को भी ठेंगा दिखलाते हुए अवैध रूप से व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ताजा मामला जामताडा को ही देख लिया जाये तो स्पष्ट है कि गोकशी का विरोध करने पर युवक को ही उल्टे पीट दिया गया। हेमंत सरकार में इसी तरह से प्रदेश के जिलों में घटनाएं घट रही हैं। गोहत्या व गोमांस का अवैध व्यापार करने वालों का विरोध करने पर वे हमला बोल रहे हैं। इन मामलों में सीधे हेमंत सरकार की नीति दिखायी देती है। सरकार और उनके विधायक बहुसंख्यक समाज के आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। विधायक इरफानन अंसारी ने जिस प्रकार से माथे पर लगे तिलक को हटाया वह उसी का प्रतीक है। सिन्हा ने कहा कि आदिवासी सरकार का दंभ भरने वाली हेमंत सरकार ने तुपुदाना ओपी प्रभारी एसआई संध्या तोपनो की हत्या के आरोपितों को सजा नहीं दिला पायी है। आदिवासी संध्या तोपनो को गोमांस का व्यापार करने वालों ने गाड़ी से कुचलकर मार डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध व्यापार करने वालों को खुली छूट मिली है। थानों में इंट्री देकर अवैध गोकशी के लिये ले जाने वाली गाड़ियों को पास करायी जाती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार गोमांस के अवैध व्यापार और गोहत्या पर अविलंब रोक लगाए।

# झारखंड में चार साल में कैंसर से 93648 लोगों की हुई मौत : संजय सेठ



**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड में कैंसर से मरने वालों की संख्या बेहद चौंकाने वाली है। राज्य में 4 साल में कैंसर से 93648 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़े के मुताबिक देशभर में 2018 से 2022 के बीच 38 लाख से अधिक लोगों ने कैंसर की वजह से दम तोड़ा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में हर नौवें आदमी को कैंसर है। लोकसभा में रांची सांसद संजय सेठ ने यह आंकड़े पेश करते हुए केंद्र सरकार से कैंसर को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल करने की मांग की। ताकि इसका इलाज और ट्रैकिंग आसान हो सके। संजय सेठ ने लोकसभा में कहा कि कैंसर की बीमारी देश की बड़ी समस्या बन चुकी है। देश में यह जिस गति से बढ़ रही है, वह भयावह है। इस दिशा में हमें ठोस काम करने की आवश्यकता है।

## झारखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करे सरकार : सीपीआई

# राज्य परिषद की बैठक में सांगठनिक और राजनीतिक प्रस्ताव पारित



प्रेस कांफ्रेंस करते सीपीआई के सदस्य ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य परिषद की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में कई सांगठनिक और राजनीति प्रस्ताव पारित किए गये। राजनीतिक प्रस्ताव में हजारीबाग में अडाणी कोल ब्लॉक को रद्द करने, राज्य को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने, राहत कार्य चालू करने, भारत माला एक्सप्रेस वे एवं सिंहपुर कठोतिया माइंस में अधिग्रहित भूमि के बदले उचित मुआवजा देने की मांग की गयी। इसके साथ ही 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर सभी प्रखंड एवं जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने, 1 सितंबर को पूरे राज्य में किसान मांग दिवस पर सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करने, सितंबर -अक्टूबर में सभी जन संगठनों का सम्मेलन करने व नवंबर में रांची में विशाल जन रैली करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक मौजूद थे।

**इंडिया का गठन एक सकारात्मक राजनीतिक विकल्प– अतुल अंजान**

बैठक पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार मणिपुर को जला रही है. वहां की महिलाओं को नंगे घुमाया जा रहा है। देश जबरदस्त संकट के दौर से गुजर रहा है. बीजेपी किसी भी प्रकार से सत्ता में बने रहना चाहती है। वहीं जनता महंगाई, बेकारी, कुशासन और धार्मिक उन्माद पैदा करने के खिलाफ मोदी सरकार को सत्ता से उन्हें बेदखल करना चाहती है। मणिपुर की घटनाओं ने सारे देश के लोगों को रुला दिया है। घर-घर में महिलाएं आक्रोशित हैं। ऐसी स्थिति में इंडिया का गठन एक सकारात्मक राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरने के लिए आगे बढ़ रहा है। इसके चलते नरेंद्र मोदी की बौखलाहट उनके दैनिक कार्य और सार्वजनिक उपस्थिति में दिखाई देती है।

**लोकसभा चुनाव के लिए जनता से धन जुटायेगी पार्टी**

बैठक में कहा गया कि 2024 लोकसभा के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपने उम्मीदवार का चयन कर बिना शोर-शराबे के क्षेत्र में सक्रिय कर दिया है. व्यापक स्तर पर जनता से धन इकठ्ठा करने का अभियान चलाए जाने की योजना है. हर संसदीय क्षेत्र में 2000 सक्रिय कार्यकताओं की टीम को शीघ्र ही राजनीतिक, सांगठनिक और चुनाव संबंधित नीतियों से लैस कर बूथों पर जिम्मेदारी दी जायेगी।

# बिरसा मुंडा पार्क पर एक खरोंच भी बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा : आशा लकड़ा

**PHOTON NEWS RANCHI:** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बिरसा मुंडा स्मृति पार्क को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया जा रहा है, तोड़फोड़ की जा रही है, पेड़ों को उखाड़ कर फेंक दिया गया, यह स्वीकार्य नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री और रांची की महापौर आशा लकड़ा ने मंगलवार को बिरसा मुंडा स्मृति पार्क का मुवायना किया। इस क्रम में उन्होंने राज्य सरकार की अदूरदर्शिता की आलोचना करते हुए कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री 74वें राज्यव्यापी वन महोत्सव में लोगों से पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगाने एवं पेड़ बचाने की अपील कर रहे हैं। वहीं, स्थानीय प्रशासन पेड़ों को उखाड़कर न सिर्फ.पार्क की सुंदरता को नष्ट कर रहा है बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रयास को ठेंगा दिखा रहा है। आशा लकड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से इस पार्क को आकर्षक ढंग से संवारा गया। 15 नवम्बर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन कर बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे भारत में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत कर स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को अविस्मरणीय बनाने की पहल किया। वहीं स्थानीय प्रशासन के अर्द्धविवेकपूर्ण रवैये के कारण पार्किंग की छत को ड्रिल कर नुकसान पहुंचाया जाना, लोगों के बैठने के लिए बनाया गया मंडप को तोड़ा जाना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा पार्क, संग्रहालय का कण कण पवित्र है। 35 एकड़ भूमि में विकसित यह स्थल झारखंड सहित पूरे देश की जनता केलिए प्रेरणा स्थल है।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Wednesday, 02 August 2023

# पलामू, गढ़वा और लातेहार के DC & SP को HC का निर्देश अवैध माइनिंग करने वाले वाहनों की चेकिंग कर दें रिपोर्ट

## पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में पलामू, गढ़वा और लातेहार के उपायुक्त एवं एसपी को दिया निर्देश किया है कि वे अवैध माइनिंग करने वाले वाहनों की चेकिंग करें और 2 सप्ताह में रिपोर्ट दे। कोर्ट ने कहा कि अवैध रूप से वाहनों से लौह अयस्क, समेत अन्य खनिजो के अवैध रूप से ट्रांसपोर्टेशन की बात कही जा रही है। अभियान चलाकर इसकी चेकिंग करें और रिपोर्ट दे। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि पूर्व में ही इन तीनों जिलों में अवैध माइनिंग की जांच को लेकर गठित 3 सदस्य के कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। दरअसल, यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपए की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है, लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था।

### नेवरी हत्याकांड में फैसला 11 को

रांची के नेवरी इलाके में हुई नसीम अंसारी हत्याकांड में रांची सिविल कोर्ट 11 अगस्त को फैसला सुनाएगा। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाने के लिए 11 अगस्त की तिथि तय की है। इस संबंध में मृतक के भाई रजब अंसारी ने सदर थाना में कांड संख्या 207/16 दर्ज करवाई थी। अपने केस को साबित करने के लिए कुल 27 से ज्यादा गवाह पेश किए गए। वहीं आरोपियों की ओर से अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए 2 गवाह पेश किये गए। मोईद अंसारी, सज्जू खान और मोख्तार अंसारी इस केस में ट्रायल फेस कर रहे हैं। सभी अभियुक्त फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। यह घटना 20 मई 2016 को हुई थी।

## हाईकोर्ट ने प्रार्थी को दिया निर्देश, 108 नंबर पुराने 337 एंबुलेंस को 18 अगस्त से पहले EMRI ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को सौंपे

### एंबुलेंस के मेंटेनेंस व ऑपरेशन के टेंडर की शर्तों को निरस्त करने वाली याचिका पर सुनवाई

**RANCHI :** झारखंड हाइकोर्ट ने निःशुल्क 108 एंबुलेंस के मेंटेनेंस व ऑपरेशन के टेंडर की शर्तों को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका पर सुनवाई की। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी को निर्देश दिया है कि वह टेंडर पाने वाली ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को पुराने 337 एंबुलेंस 18 अगस्त से पहले सौपे। कोर्ट ने मामले में नई कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को मामले में प्रतिवादी बनाया है और उसे जवाब मांगा है साथ ही प्रार्थी को भी ईएमआरआई कंपनी द्वारा दाखिल जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया है।



हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 17 अगस्त निर्धारित की। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने सरकार से जानना चाहा था कि टेंडर के लिए ऐसी शर्तें क्यों लगायी गयी। निःशुल्क 108 एंबुलेंस के एक साल के मेंटनेंस व ऑपरेशन के लिए टेंडर कर रहे हैं और पांच साल तक एक्सटेंशन देते रहेंगे। वह भी आपसी सहमति से रेट तय करेंगे। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से खंडपीठ को बताया गया था कि 108 एंबुलेंस के वार्षिक मेंटेनेंस व ऑपरेशन का टेंडर शर्तों के साथ निकाली गयी है। इसमें पांच साल पुराने पहले के 333 एंबुलेंस व नया 208 एंबुलेंस शामिल है। पुराने एंबुलेंस वाहन का पांच साल लाइफ था। नये टेंडर में पुराने एंबुलेंस को भी शामिल कर दिया गया है। यह भी लिखा गया है कि पुराने एंबुलेंस को यदि रिपलेस करने की जरूरत होगी, तो पुराने सर्विस प्रोवाइडर को रिपलेस करना होगा। पांच साल तक एक्सटेंशन की बात भी कही गयी है। पहले साल में कम रेट पर कोई टेंडर ले लेगा, लेकिन अगले वर्ष में रेट आपसी सहमति से तय करते हुए एक्सटेंशन दिया जायेगा। इसमें भ्रष्टाचार की संभावना है। उन्होंने टेंडर की शर्तों को निरस्त करने का आग्रह किया था। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी जिकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड की ओर से याचिका दायर कर टेंडर की शर्तों को गैरवाजिब बताया गया है।

## HC ने सरकार से पूछा, डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र एवं जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में राज्य में डायन बिसाही को लेकर हत्या एवं मारपीट की बढ़ती घटनाओं पर कोर्ट के स्वतः संज्ञान से दर्ज मामले की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि झारखंड में डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास को रोकने एवं लोगों को जागरूक करने को लेकर क्या- क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नै सितंबर को निर्धारित की। गौरतरलब है पिछली सुनवाई में मेंबर सेक्रेट्री, झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया था। कोर्ट को जानकारी दी गई थी कि गुमला जिले में डायन बिसाही को लेकर मारपीट एवं हत्या की घटनाएं सर्वाधिक होती है। ऐसे में झालसा के द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को डायन बिसाही की रोकथाम को लेकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। बता दें कि झारखंड में इस साल डायन बिसाही को लेकर मारपीट और हत्या जैसी कई वारदातें सामने आई। पलामू और गुमला में दंपति की हत्या डायन बिसाही के आरोपों में कर दी गई। झारखंड में इसे लेकर कानून है। किसी को डायन कहना कानूनन अपराध है बावजूद इसके सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में प्रताड़ना के मामले नहीं थमे।

### नीरज हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

## ढुल्लू महतो रिवीजन दायर कर हाईकोर्ट में देंगे चुनौती

**RANCHI :** डोमन महतो पर जानलेवा हमला एवं किरण महतो के हाईवा की लूट के मामले में मंगलवार को बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो अदालत में हाजिर नहीं हुए। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में दोनों मामलों में उनकी ओर से आवेदन दायर कर कहा गया कि वह इस अदालत के 3 जुलाई 23 के आदेश को रिवीजन दायर कर हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। तीन जुलाई 23 को अदालत ने विधायक द्वारा दायर डिस्चार्ज अर्जी को खारिज कर दिया था। 14 फरवरी 19 को डोमन की शिकायत पर बरोरा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं मंगलवार को पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान रिंकू सिंह हाजिर नहीं थे।

## मिड-डे-मील घोटाला : संजय तिवारी समेत तीन के खिलाफ आरोप गठित

**RANCHI :** मिड-डे-मील की करोड़ों रुपये की राशि घोटाले के आरोपी संजय तिवारी, राजू वर्मा और सुरेश कुमार के खिलाफ मंगलवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष अदालत ने आरोप गठित कर दिया है। सुनवाई के दौरान इस केस से जुड़े सभी आरोपी सशरीर कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहे। इसके बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ पीएमएलए की धारा तीन और चार के तहत ट्रायल चलेगा। इससे पहले सीबीआई कोर्ट ने तीन अभियुक्तों के खिलाफ आईपीसी की धारा 409, 420,120(बी) और पीसी एक्ट की धारा 13 (2), (डी) के तहत आरोप गठित कर चुकी है।

**भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित किये गये थे 100 करोड़**

बता दें कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये थे। इसको लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ ले ली। वर्ष 2021 में ईडी ने कांड संख्या ईसीआईआर 3/2021 दर्ज कर केस टेकअप किया है। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में अभियुक्त हैं।

## तारा शहदेव प्रकरण : सीबीआई के जवाब पर हाईकोर्ट के बर्खास्त रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद की ओर हुई बहस

**RANCHI :** नेशनल राइफल शूटर तारा शहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की ओर से बहस हुई। मामले में मुश्ताक अहमद की ओर से सीबीआई के जवाब पर अपना बहस किया गया, जो जारी रहा। अब बुधवार को फिर बहस होगी। पूर्व में सीबीआई की ओर से हुई बहस के दौरान तारा शहदेव द्वारा कोहली पर लगाएं गए आरोपों का समर्थन किया गया था। बता दें कि रंजीत कोहली द्वारा सीएम हेमंत सोरेन को भी गवाह बनाया गया था। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मामले की सुनवाई चल रही है। गौरतलब है कि मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार(विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहा है। आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने 2015 में केस टेक ओवर किया था। रंजीत कोहली एवं तारा शहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने प्रताड़ित किया गया।



## लूट के पैसे के बंटवारे को लेकर हुई थी अश्विनी की हत्या

### पंडरा पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, छापेमारी जारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** पंडरा थाना की पुलिस ने अश्वनी मिर्धा हत्याकांड का खुलासा करते हुए निखिल और आदित्य कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अन्य आयोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर ही है। पंडरा थानेदार ने बताया कि अश्वनी मिर्धा, निखित, आदित्य और अन्य आरोपियों ने इस वर्ष जनवरी माह में मेन रोड में रहने वाले एक डॉक्टर के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी की घटना बड़ी थी। आरोपियों का काफी अधिक पैसा और जेवरात मिला था। चोरी की घटना के बाद अश्वनी मिर्धा पूरा पैसा और जेवरात लेकर पुरूलिया चला गया था। इस गिरोह के अन्य सदस्यों ने अश्वनी मिर्धा से कहा था कि मामला शांत हो जाएगा इसके बाद वह जेवरात और पैसा का बंटवारा करेंगे। कुछ माह के बाद मामला शांत पड़ गया। आरोपियों ने अश्वनी मिर्धा को रांची आने के लिए कहा और जेवरात और पैसा का बंटवारा करने के लिए बोला। लेकिन अश्वनी मिर्धा का मन बदल गया और वह टालमटोल करने लगा। आरोपियों ने उसे कई बार बुलाया लेकिन वह नहीं आया। अश्वनी मिर्धा फोन पर सिर्फ निखिल से बातचीत करता था। निखिल ने अश्वनी मिर्धा को झांसा में लिया और उसे रांची बुलाया। अश्वनी मिर्धा रांची पहुंचा तो निखिल उसे नामकुम की ओर लेकर चला गया। निखिल ने अपने एक और साथी आदित्य को मौके पर बुला लिया। अश्वनी मिर्धा को काफी शराब पिलाया गया। वह नशे की हालत में आ गया तो निखिल और आदित्या ने अश्वनी मिर्धा को उदय मुंडा के हवाले कर दिया। उदय मुंडा और अन्य आरोपियों ने मिलकर अश्वनी मिर्धा की हत्या कर दी और शव को भुसूर जंगल में फेंक दिया। पुलिस का कहना है कि अश्वनी मिर्धा का दोस्त और स्कार्पियों का चालक निखिल ने पुलिस से बचने के लिए झूठी कहानी रचि थी। उसने पुलिस को बताया था कि उदय मुण्डा ने उसके फोन पर सुबह करीब 4 बजे फोन कर किसी सदस्यों को बरियातू रिम्स पहुंचाने के लिए कहा था।

## सीएम हेमंत के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी करने वाला नोएडा से धराया

**CRIME REPORTER RANCHI :** सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी करने वाला दिल्ली से गिरफ्तार हुआ है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक कुमार को नोएडा दिल्ली से गिरफ्तार किया है। दीपक कुमार को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर दीपक कुमार के खिलाफ गोंदा थाना में मामला दर्ज हुआ था।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी दीपक कुमार।

**यूट्यूबर को भी पुलिस ने किया है गिरफ्तार :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में यूट्यूबर को पुलिस सोमवार को टीपू सुल्तान खान उर्फ समर को गढ़वा से गिरफ्तार किया गया था।

### विष्णु अग्रवाल को भेजा गया जेल, पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में किया गया पेश, आज फिर होगी सुनवाई

## वकील ने पूछा- किस आधार पर हुई गिरफ्तारी ED ने कहा- ARRESTING के ठोस आधार

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड के बड़े कारोबारी और बिल्डर विष्णु अग्रवाल को कड़ी सुरक्षा के बीच आज मंगलवार को रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में प्रस्तुत किए जाने जे बाद विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने याचिका दाखिल कर कहा कि गिरफ्तार करने का क्या आधार है इसकी जानकारी नहीं दी गई है। जिसपर



ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि उनके पास विष्णु अग्रवाल की गिरफ्तारी का ठोस आधार है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब बुधवार को विष्णु अग्रवाल द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई होगी। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में विष्णु अग्रवाल को पेश किया गया।

**फेसटाइम व्हाट्सएप कॉल पर छवि रंजन और विष्णु अग्रवाल के बीच होता थी बात :** विष्णु अग्रवाल और छवि रंजन के बीच फेसटाइम व्हाट्सएप कॉल के जरिये बात होता था। बातचीत का रिकार्ड नही रहे इसके लिये डिशएपैयरिंग मोड ऑन कर रखा था। विष्णु अग्रवाल के मोबाइल से कई चौंकाने वाला खुलासे हुए है। मोबाईल पर ही छवि रंजन गोपनीय दस्तावेज का आदान प्रदान करता था। छवि रंजन के लिये फाईव स्टार होटल की व्यवस्था की जानकारी भी मोबाईल के जब्त डेटा से मिली थी। गोवा में छवि रंजन की होटल ताज फोर्ट अगुआडा में रहने-खाने की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए विष्णु अग्रवाल ने अपने कर्मचारी के माध्यम से दिल्ली के एक ट्रेवेल एजेंट को नकद में भुगतान किया था। ईडी ने विष्णु अग्रवाल के मोबाइल से जब्त डेटा से इसका खुलासा किया था।

बता दें कि लैंड स्कैम मामले में सोमवार को विष्णु अग्रवाल से पांच घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था।

## विवाहिता को दहेज के लिए मार डालने का मामला दर्ज

**CRIME REPORTER RANCHI :** जगन्नाथपुर इलाके में रहने वाली विवाहिता श्रृष्टि को दहेज के लिए मार डालने का आरोप लगाते हुए जगन्नाथपुर थाना में ससुराल वालों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस का कहना कि श्रृष्टि की शादी छह माह पूर्व सुभाष कुमार के साथ हुई थी। सुभाष ने पुलिस को बताया कि श्रृष्टि ने आत्महत्या की है लेकिन वहीं श्रृष्टि के घरवालों ने पांच लाख रुपये के लिए हत्या करने की बात कही है। श्रृष्टि के घरवालों ने पुलिस को बयान दिया है कि शादी के बाद से श्रृष्टि को प्रताडित किया जा रहा था। उसके ससुराल के लोगों को कई बार समझाने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं मान रहे थे। श्रृष्टि की गला दबाकर हत्या कर दी गई इसके बाद उसे फंदे पर लटका दिया गया। श्रृष्टि को गुरुनानक अस्पताल ले जाया गया था लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। श्रृष्टि के घरवालों ने पुलिस को बताया कि श्रृष्टि को फोन पर भी ज्यादा बातचीत नहीं करने दिया जाता है। पुलिस श्रृष्टि के मोबाइल का डिटेल निकाल रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का खुलासा होगा कि श्रृष्टि की मौत कैसे हुई है।

## BRIEF NEWS

### अपर हटिया में फंदे से झूलता मिला महिला का शव

**RANCHI :** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित अपर हटिया में मंगलवार को एक महिला का शव फंदे से लटकता मिला है। महिला की शिनाख्त सृष्टि के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में सही जानकारी सामने आ पायेगी। सृष्टि की शादी छह महीने पहले ही हुई थी। सृष्टि के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सृष्टि के भाई का कहना है कि उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। भाई ने ससुराल वालों पर सृष्टि का गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि खुदकुशी का रूप देने के लिए उसके शव को फंदे से लटका दिया गया।

### सात महीने से लापता व्यक्ति का शव बरामद

**RANCHI :** नामकुम पुलिस ने जरेया मरीडीह गांव के पास से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। इसका नाम सोमा मुंडा था। सोमा मुंडा पिछले सात महीने से लापता था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। दरअसल, सोमा मुंडा की गुमशुदगी की रिपोर्ट लगभग सात महीने पहले दर्ज की गई थी, गांव के कुछ लोगों ने बताया कि सोमा मुंडा लापता नहीं हुआ था, बल्कि उसे मार दिया गया था। मारने वाले उसके परिवार के ही सदस्य थे। इस सूचना के बाद पुलिस ने सोमा मुंडा के चचेरे भाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि 13 दिसंबर 2022 की शाम अत्यधिक शराब पिलाने के बाद ही सोमा मुंडा की हत्या कर दी थी। आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए उसके शव को जंगल में दफन कर दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ए उस जगह की खुदाई की। शव मिलने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

### जानलेवा हमला करने को लेकर एफआईआर दर्ज

**RANCHI :** लाठी-डंडे और हॉकी स्टिक से मारकर एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। इस जानलेवा हमला करने को लेकर रांची के सदर थाने में घायल अभिषेक सिन्हा ने विवेक कुमार और निखिल चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### सीआईडी 5 को करेगा क्रिप्टोकरेंसी पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

**RANCHI :** सीआईडी क्रिप्टोकरेंसी पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन करेगा। आईटीएस रांची में पांच अगस्त को यह आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण झारखंड पुलिस के सभी रैंकों के लिए पुलिसकर्मियों के लिए होगा। हालांकि लाइव सत्र में भाग लेने के लिए पुलिसकर्मियों के पास अपना निजी लैपटॉप होना चाहिए।

### स्मार्ट मीटर से बिजली बिल में तीन गुना इजाफा

**RANCHI :** शहर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने के बाद अब उपभोक्ताओं के घरो में तीन गुना बिजली इजाफा से उपभोक्ता परेशान है। मंगलवार को रांची के हिंदपीढ़ी में लोगों ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध में जमकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उन्हें तीन गुना ज्यादा बिजली का बिल आ रहा है। स्मार्ट मीटर के बहाने गरीब लोगों से धन वसूल कर निजी कम्पनियों को दे दिया जा रहा है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

BRIEF NEWS

## महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम जरूरी है : गुंजन

**CHATRA:** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक पर वुमेन फिटनेस सेंटर खोला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित महिला कांग्रेस की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह फीता काटकर किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिपरवार क्षेत्र में महिलाओं के लिए स्पेशल तौर पर खोला गया फिटनेस सेंटर उनके व्यायाम करने में काफी सहायक साबित होगा। इस अवसर पर फिटनेस सेंटर की संचालिका मुन मुखर्जी, गौरी सिकदर, सुखरा बनर्जी, रीता चौहान समेत महिलाएं उपस्थित थी।

## सहायक शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**CHATRA:** प्रखंड स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कसमार में पदस्थापित सहायक शिक्षक शशिकांत शर्मा को मंगलवार को विद्यालय परिसर में एक समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान विद्यालय के सचिव सुषमा सिंह एवं मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए रामपुर मुखिया प्रतिनिधि काशिफ रजा ने शिक्षक शशिकांत शर्मा को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किए। वही विद्यालय के सहायक अध्यापक सीताराम सिंह, अवधेश कुमार रंजन,रौशन कुमार,सदन शर्मा, ललन प्रताप सिंह सहित मालती देवी एवं अन्य के द्वारा छाता,सॉल,टॉर्च,एवं मिठाई सहित अन्य सामग्री देकर विदाई समारोह मनाया गया।वही उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि काशिफ रजा ने कहा की सेवानिवृति एक प्रक्रिया है और सभी शिक्षको को एक दिन इस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।उन्होंने उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किए।वही उपस्थित शिक्षको ने भी उनके कार्यकाल की सराहना की । बताते चले की शशिकांत शर्मा 2003 में प्राथमिक विद्यालय कसमार में बहाल हुए थे। जिसके बाद 2005 से 2007 तक उसी विद्यालय में सचिव पद पर भी रहे। अपने जीवन में बच्चो को पढ़ाते हुए 2023 में सेवामुक्त हो गए।उनके इस विदाई से शिक्षक एवं छात्रों की आंखे नम हो गई थीं। विदाई समारोह के मौके पर विद्यालय के सचिव सुषमा सिंह सहयोगी शिक्षक अवधेश कुमार रंजन,सदन कुमार शर्मा,सीताराम सिंह,मिथलेश कुमार सोनू,रौशन कुमार,ललन प्रताप सिंह,गंजेंद्र राम,मालती देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

**CHATRA:** प्रखंड क्षेत्र के बभने पंचायत में मंगलवार को स्वय सेवी संस्था अग्रगति इंडिया के तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का संचालन संदीप ठाकुर व संजय चौधरी ने किया।इस दौरान उपस्थित लोगो को सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजन,प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना,सुकन्या समृद्धि योजना,अटल पेंशन योजना,मुद्रा लोन,साइबर क्राइम से संबधित जानकारी देते हुए डिजिटल लेन देन करने के लिए ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषो को प्रेरित किया गया।इस मौके पर बैंक बीसी को बुलाकर बैंक कैंप का अयोजन किया गया।जिसमे लगभग 40 लोगो का बीमा कराया गया इस मौके पर छोटू रविदास, महिला समूह की दर्जनों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा तो मिला, पर सुविधा नदारद

**3:00 बजे के बाद नहीं रहते हैं एक भी चिकित्सक, इमरजेंसी में होती है भारी फजीहत**

**CHATRA:** प्रखंड मुख्यालय के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा सरकार द्वारा तो दे दिया गया।परंतु सुविधा नदारद है।वैसे में गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड के करीब एक लाख ग्रामीणों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। हालांकि स्वास्थ्य केंद्र में डा.अमृता अनुप्रिया, दंत चिकित्सक डा.अंजली कुमारी भगत,होम्योपैथिक के चिकित्सक डा.सत्य प्रकाश पदस्थापित हैं।

# JJMP का एरिया कमांडर सुमन यादव गिरफ्तार

## कई अलग-अलग वारदातों में रहा है शामिल, रंगदारी वसूली का आरोप

**PHOTON NEWS PALAMU :** पलामू जिले की पांकी थाना Police ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी (झारखंड जनमुक्ति परिषद) के एरिया कमांडर सुमन यादव उर्फ बीरेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया है। जिले की Police अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने Tuesday को गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इस बीच लेस्लीगंज के अनुमंडल Police पदाधिकारी (एसडीपीओ) आलोक कुमार टूटी ने एरिया कमांडर की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि इस उग्रवादी पर पलामू के अलावा लातेहार जिले में चार आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि जेजेएमपी का एरिया कमांडर सुमन यादव उर्फ वीरेन्द्र यादव पांकी के खपरमंडा स्थित अपने घर पर आया हुआ है। सूचना के आलोक में टीम गठित कर छापामारी की गई। Police को देखकर सुमन यादव घर से निकल कर भागने लगा। इसी क्रम में खदेड़ कर उसे गिरफ्तार किया गया। उसके पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। इस सिलसिले में एरिया कमांडर से पूछताछ के बाद संभावित इलाकों में छापामारी की जा रही है। यह वर्ष 2017 से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में सक्रिय था। उन्होंने बताया कि एरिया कमांडर सुमन अपने दस्ता सदस्यों के साथ मिलकर ठेकेदारों, व्यवसायियों एवं निवेशकों, क्रशर मालिकों को धमकाने एवं धमकाकर उनसे लेवी वसूलता था। वर्ष 2017 में लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के ग्राम कुमराही में सुमन यादव Police के साथ हुई मुठभेड़ में शामिल था। वर्ष 2018 में ही ग्राम जीरो के चन्दवार जंगल में जेजेएमपी उग्रवादियों के साथ लेवी वसूलने के लिए ग्राम बरवइया के एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। इसी तरह बरवइया में ही वर्चस्व बढ़ाने के लिए ग्रामीणों की पिटाई की थी। इसके अलावा पांकी थाना में तीन मामले दर्ज हैं।


प्रेस कांफ्रेस में जानकारी देते एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी • फोटोन न्यूज

# पलामू में तेजी से फैल रहा आई फ्लू, हर दिन 40 से अधिक मरीज पहुंच रहे अस्पताल


**PHOTON NEWS PALAMU :** पलामू में इन दिनों आई फ्लू का इंफेक्शन तेजी फैल रहा है। हर दिन 10 से 15 छात्र-छात्राएं इससे संक्रमित हो रहे हैं। बड़े-बुजुर्ग भी आई फ्लू की चपेट में आ रहे हैं। जिले के अस्पतालों में हर दिन औसतन 40 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।

आई फ्लू के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। एमएमसीएच अस्पताल सहित जिले के सभी अनुमंडलीय अस्पतालों में आंख के डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी गयी है।

**लक्षण दिखने पर तुरंत कराये इलाज–डीके सिंह**

एमएमसीएच अस्पताल के अधीक्षक डीके सिंह ने बताया कि बरसाती मौसम में लोगों को वायरल फीवर हो रहा है।

इससे आंखों पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर किसी भी मरीज में आई फ्लू के लक्षण दिखे तो वह तुरंत किसी सरकारी अस्पताल या एमएमसीएस अस्पताल में इलाज करवाएं।



बताया कि झारखंड सरकार के निर्देश पर सभी अस्पतालों में इसका दवा उपलब्ध है। आई सर्जन के नेतृत्व में टीम बनाकर इलाज करने का निर्देश दिया गया है।

**समय–समय पर आई ड्रॉप डाले और आंखों को साफ पानी से धोये**

डीके सिंह ने जानकारी दी कि आमतौर पर आई फ्लू का असर दो से तीन दिनों तक रहता है।

इलाज के बाद यह ठीक हो जाता है। लेकिन कभी-कभी संक्रमण का प्रभाव एक महीने तक रहता है। डीके सिंह ने लोगों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आई ड्रॉप डालते रहे और कम से कम दो बार साफ पानी से आंखों को धोये।

**आई फ्लू होने पर बच्चों को स्कूल ना भेजे झ डीसी**

पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आई फ्लू के लक्षण दिखने पर तुरंत किसी डॉक्टर से इलाज कराये।

साफ-सफाई का ध्यान रखें। दोनों समय आंखों को पानी से धोएं। लोगों से कम मिले और दूरी बनाकर रखें। डीसी ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को आई फ्लू होने पर स्कूल ना भेजे। उन्हें घर पर आराम करने दें। लोग इस अफवाह से बचे कि आई फ्लू देखने से नहीं फैलती है।

# भुरकुंडा की नैंसी राजगढ़िया को मिला जूनियर रिसर्च फेलोशिप

- 12वीं तक की पढ़ाई अग्रसेन स्कूल से, देश भर में 133वां स्थान
- बैक्टेरिया से बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक पर कर रहीं शोध, सफल हुई तो बदलेगी प्लास्टिक की दुनिया


नैंसी राजगढ़िया • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** भुरकुंडा की नैन्सी राजगढ़िया को जूनियर रिसर्च फेलोशिप मिली है। सीएसआईआर यूजीसी नेट जेआरएफ के सोमवार को घोषित नतीजों में नैंसी ने देशभर में 133वां स्थान प्राप्त किया है। देश के कुल 78168 स्टूडेंट्स इस परीक्षा में शामिल हुए थें। इसमें भुरकुंडा की बेटी ने 99.09 परसेंटाइल के साथ 133 रैंक लाकर सफलता का परचम लहराया है। इस परीक्षा में पूरे देश में कुल 4400 स्टूडेंट्स को सफलता मिली है। नैंसी राजगढ़िया ने पहली से 12वीं तक की पढ़ाई श्री अग्रसेन स्कूल पटेलनगर भुरकुंडा से की है। संत जेवियर कॉलेज रांची से बीएससी के बाद माउंट कार्मेल कॉलेज बंगलौर से एमएससी किया। वर्तमान में वह मणिपुर यूनिवर्सिटी जयपुर में बायोपोलिमर्स पर रिसर्च कर रही है।

नैंसी का शोध 16 तरह के बैक्टेरिया से बायो डिग्रेडेबल प्लास्टिक बनाना है। रिसर्च के शुरूवाती नतीजों के सकारात्मक होने से उत्साहित नैंसी राजगढ़िया का मानना है कि शोध की सफलता प्लास्टिक की दुनिया बदल देगी। नैंसी की सफलता उनके पिता उमेश राजगढ़िया और माता अनीता देवी, विष्णु राजगढ़िया, प्रवीण राजगढ़िया, दिनेश राजगढ़िया सहित भुरकुंडा कोयलांचलवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## भाजपा नेता की 80 वर्षीय मां घायल, सीसीएल गांधीनगर अस्पताल रेफर

**BHURKUNDA:** पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सह भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला की माता ललौती देवी (80 वर्ष) मंगलवार को फूल तोडने के क्रम में एक महिला द्वारा पत्थर फेंकने से घायल हो गई। घटना के बाद घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गांधीनगर रांची रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार भाजपा नेता की माता रोज की तरह पूजा के लिए सुबह साढे तीन बजे फूल तोड़ रही थीं। इसी दौरान एक महिला ने उन पर पत्थर से वार कर दिया। पत्थर सीधा उनके सर पर लगा। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। उनके सर में गहरा चोट लगने की सूचना है। इधर मामले पर भाजपा नेता संजीव कुमार बाबला ने बताया कि मेरी मां फूल तोड़ने गई थी इसी दौरान एक महिला ने रौड से वार कर दिया। जिसमें मेरी मां का माथा फूट गया और काफी खून भी निकला है। उन्होंने बताया कि मेरी मां फिलहाल कुछ बोल नहीं पा रही है उनका गांधीनगर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# उपायुक्त ने दुलमी प्रखंड का किया दौरा, लाभुकों के बीच सिलाई मशीन, केसीसी व अरहर बीज का किया गया वितरण

**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने दुलमी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दुलमी प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत आयोजित जल छाजन जागरूकता सह प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में अगर हमें कृषि क्षेत्र में मुनाफा कमाना है तो जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक अपनाने होंगे। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं व प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों कि आए बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण परंपरागत तरीके से कृषि कर मुनाफा कमाना काफी कठिन होता है ऐसे में अगर आप सभी भूमि के अनुसार हाइब्रिड बीज व अन्य आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करें तो काफी लाभ होगा।


दुलमी प्रखंड में चैक देते रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार • फोटोन न्यूज

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि दुलमी प्रखंड में मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाए इसके लिए कार्य किया जा रहा है और जल्द ही लोग इसका लाभ ले सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बिना जल के कृषि कार्य नहीं किया जा सकता इसलिए हमें जल के महत्व एवं इसके संरक्षण के लिए कार्य करने की जरूरत है। मौके पर उपायुक्त ने जल संरक्षण हेतु वर्षा जल संचयन, सोख्ता गड्ढा निर्माण, ट्रेंच कम बंड आदि के संबंध में आवश्यक जानकारियां लोगों को दी वहीं उन्होंने आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करने के प्रति भी लोगों को जागरूक किया।

कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने कस्टम हायरिंग सेंटर अंतर्गत दुलमी एग्रीटेक एफपीओ को पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, मैनुअल स्प्रेयर, पैडी थ्रेसर आदि उपकरण उपलब्ध कराएं वही उपायुक्त ने लाभुकों के बीच सिलाई मशीन, केसीसी, अरहर बीच आदि का भी वितरण किया। कार्यशाला के दौरान एफपीओ, जल छाजन व जेएसएलपीएस द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने ग्रामीणों को स्टाल के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक अपनाने एवं इसके फायदों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

दुलमी प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ने दुलमी बाजार टांड़ अंतर्गत दुलमी महिला एफपीसी लिमिटेड का उद्घाटन कर पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, मैनुअल स्प्रेयर, पैडी थ्रेसर सहित अन्य कृषि उपकरणों का वितरण किया। इस दौरान, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, दुलमी प्रखंड प्रमुख करुणा देवी, पार्षद प्रीति दीवान, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, परियोजना निदेशक आत्मा, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव साव, विधायक प्रतिनिधि ब्रह्मदेव महतो, पंचायत समिति सदस्यों, मुखिया अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र, डीडीएम नाबार्ड, अंचल अधिकारी दुलमी, बीपीओ अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता बनी टीडी क्लासेस




**PHOTON NEWS RAMGARH:** वर्ल्ड कप में रामगढ़ कैंट के चट्टी बाजार स्थित कोचिंग संस्था टी. डी. क्लासेस के विद्यार्थियों ने भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में बिहार फाउंड्री के सहयोग से शामिल हुए रोबोटिक ड्रोन और अन्य उन्नत टेक्नोलॉजी की इस स्पर्धा में रूस, अमेरिका, श्रीलंका, भारत समेत 22 देशों के प्रतिनिधि ने भाग लिया था । यह स्पर्धा 25 जुलाई 2023 से 27 जुलाई 2023 तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें रोबोटिक के रोबोरेस कैटेगरी में टी.डी. क्लासेस के प्रियांशु कुशवाहा, पीयूष कुशवाहा, पीयूष कांत, लालू कुमार, केशव कुमार, आर्यन कुमार और प्रेम कुमार ने भानु प्रताप सिंह के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

# कांटाटोली चौक में सोहदा-ए-कर्बला का आयोजन नशा और बुराइयों से दूर रहने की सलाह

**PHOTON NEWS RANCHI:** रांची-टाटा रोड के कांटाटोली चौक के समीप सोहदा-ए-कर्बला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड-बिहार के जाने-माने मौलाना अल्लामा मुफ्ती उपस्थित रहे। मुख्य रूप से मौलाना अब्दुल मालिक मिस्बाही, मौलाना कारी रिजवान उल होदा, मौलाना वारिस जमाल किबला, शायर-ए-इस्लाम अलहाज दिलकश रांचवी, कारी कैंसर रजा, कारी अब्दुल रहमान नस्तर और नकीब रेहान रजा सहित कई मौलाना मौजूद रहे। कार्यक्रम में कर्बला की इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही मौलाना व मुफ्ती के द्वारा मौजूदा समय में मुसलमानों की शैक्षणिक व सामाजिक स्तर पर कैसे सुधार हो इसपर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान मुशायरे का भी आयोजन किया गया।



सोहदा-ए-कर्बला कार्यक्रम को संबोधित करते मौलाना • फोटोन न्यूज

**बारिश के बावजूद जमे रहे लोग:**

इस कार्यक्रम में बारिश के बावजूद लोग जमे रहे और मौलाना की बातों को सुनते रहे। कांटाटोली के आसपास के सभी मोहल्लों के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में तनवीर आलम, समसु खान, इरफान कुरैशी, अतारुल कुरैशी, डिस्को कुरैशी, नसीर कुरैशी, एजाज कुरैशी, हाजी बेलाल कुरैशी, हाजी पप्पु कुरैशी, आजाद कुरैशी, शादाब कुरैशी, फेकू कुरैशी, अफताब कुरैशी, मेराज कुरैशी, नसीम कुरैशी सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

# मणिपुर की घटना के विरोध में आदिवासी समाज ने भुरकुंडा में निकाली आक्रोश रैली

## झारखंड और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



रैली में शामिल आदिवासी समाज के लोग • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** मणिपुर की घटना के विरोध में मंगलवार को आदिवासी समाज ने पतरातू प्रखंड में आक्रोश रैली निकाली। इसके पूर्व आदिवासी समाज के लोग भुरकुंडा मतकमा चैक में इकट्ठा हुए जहां से पारंपरिक वेषभूषा और हरवे-हथियार के साथ हाथों में श्लोगन लिखी तख्तियां लिये बिरसा चैक, जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार, थाना चैक होते हुए न्यू बैरेक सरना स्थल पहुंचे। इस दौरान समाज के लोगो ने देश में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, मणिपर की घटना, झारखंड में आदिवासी लोगो की हत्या बंद करने, यूसीसी कानून का विरोध करते हुए नारे लगाते दिखें। साथ ही झारखंड और केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जुलूस में हरिलाल बेदिया, राजेन्द्र मुंडा, सरयु मुंडा, देवशरण कृष्णा मुंडा सहित दर्जनों महिला पुरूष शामिल थे। रैली में चिकोर, महुआटोला, देवरिया, कुरसे, चैनगड्डा, लादी मतकमा, जवाहरनगर, हुरूमगढा सहित दर्जनों गांव के सैंकड़ों आदिवासी समाज के लोग शामिल थे।

## भाजपा सांसद प्रतिनिधि ने प्रेस कॉफ्रेंस कर विधायक अंबा प्रसाद पर लगाए कार्यों में श्रेय लेने का आरोप

# श्रेय लेने में कोई हर्ज नहीं, विकास कार्यों में न बनें रोड़ा : सुमन सिंह

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को भुरकुंडा रेस्ट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस का अयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से (डीएमएफटी) खनिज मद के सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह व हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक मुख्य रूप से उपस्थित थें। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह ने कहा की जब पहली बार 2014 में नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने तब हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा चुने गए थे। उस समय जयंत सिन्हा को वित्त राज्य मंत्री का पद दिया गया थी। उसी समय विकास के लिए एक नई सोच को रखते हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने पूरे देश के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विचार-विमर्श करते हुए उनके अनुमति से डिस्टिक मिनिरल फाउंडेशन ट्रस्ट ( डीएमएफटी) का गठन कर जिला स्तर पर इसे स्थापित किया गया। जिसके तहत जिले में हो रहे खनन के रॉयल्टी का कुछ हिस्सा जो पहले विकास कार्यों में खर्च करने के लिए अलग किया जाता था और केंद्र सरकार को इसकी राशि भेजी जाती थी वही राशि पुनः वहां से राज्य सरकार को वापस भेजी जाती थी। ताकि विकास कार्य करवाया जा सके। इसमें बहुत तरह की विसंगतियां थीं


प्रेस कांफ्रेंस करते भाजपा सांसद प्रतिनिधि • फोटोन न्यूज

जिससे विकास बाधित होता था। इन विसंगतियों को दूर करके इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए ट्रस्ट का गठन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ। इस ट्रस्ट के माध्यम से जिस भी जिले में माइनिंग होती है वहां के विकास कार्यों को संपन्न करवाने के लिए (डीएमएफटी) फंड के बोर्ड द्वारा योजनाओं का चयन होता है और विकास कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में प्रतिवर्ष 120 करोड रुपए डीएमएफटी को विकास कार्य हेतु प्राप्त हो रहे हैं और बोर्ड के माध्यम से योजनाओं का चयन कर आच्छादन कार्य किया जा रहा है। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा द्वारा किए गए विकास कार्यों को अपना बताकर बड़कागांव की विधायक अंबा अपना श्रेय लूटने की होड़ मचा रखी है। और जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है। जनता इस चीज को बखूबी समझ रही है। परंतु हद तो तब हो गई जब यहां की विधायक रेलवे द्वारा बनाए जा रहे ओवरब्रिज को भी अपना कार्य बताकर श्रेय लेना चाह रही है। जबकि रेलवे नें राज्य सरकार से इस ओवरब्रिज को बनाने हेतु 50 प्रतिशत की उनके हिस्सदारी की राशि मांगी थी जो कि राज्य सरकार का हिस्सा भी है। परंतु राज्य सरकार के द्वारा किए जा रहे विलंब को देखते हुए और उनके द्वारा अपनाई जा रही ढुलमुल नीति के कारण रेलवे विभाग के द्वारा नया नियम बनाकर रेलवे की ओर से शत प्रतिशत की राशि देकर रेलवे का ओवरब्रिज का निर्माण करवा रही है। जिसकी निविदा भी निकाली जा चुकी है, और यह महत्वपूर्ण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण भी हो जाएगा। सांसद प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि अब इस कार्य में भी जनता को बेवकूफ समझते हुए विधायक कैबिनेट में पास करवा कर काम करवाने की बात क्षेत्र में बोलकर लोगों को गुमराह करने का काम कर रही हैं। जिसकी मैं घोर निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि श्रेय जिसे भी लेना है ले परंतु विकास कार्यों में कहीं रोड़ा न अटकाएं और कहीं बाधा न बनें। आज हाल यह है कि विधायक के पास समयाभाव होने का कारण कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लंबित पड़ी हैं। विधायक को 7 से 8 महीने तो शिलान्यास करनें में ही लग जा रहा है। इतने लंबे दिनों तक इंतजार करवा कर तब शिलान्यास कर रही हैं। तो वह काम कई वर्ष में पूरे होंगे और कब जनता को समर्पित होगा, कब जनता को योजनाओं का लाभ मिलेगा समझ से परे है। उन्होंने कहा कि विधायक को जनता के सुख-सुविधाओं से कोई लेना देना नहीं है। लेकिन श्रेय लेने से वे कभी पीछे नहीं हटती।

# महिला कॉलेज में पुरुष प्रिंसिपल पर विवाद : विवि ने राजभवन से अनुमति लिए बगैर कर दिया पदस्थापन

## ग्रेजुएट कॉलेज में बी एन प्रसाद को जिम्मेदारी मिलने पर बढ़ा विवाद

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालय द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन की प्रिंसिपल डॉ मुकुल खंडेलवाल की सेवानिवृत्ति के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने डॉ बीएन प्रसाद को महाविद्यालय का नया प्रिंसिपल बनाया है। इनकी.नियुक्ति के साथ ही विवाद शुरू हो गया है।

सबसे पहला विवाद नियम-कायदे को लेकर है। राजभवन की ओर से कॉलेजों में प्रिंसिपल की नियुक्ति को लेकर जारी सर्कुलर में कहा गया है कि राजभवन की अनुशंसा मिलाने की प्रत्याशा में डॉ बीएन प्रसाद की प्रिंसिपल के रूप में पदस्थापना की गई है। इससे पूर्व यह तय किया गया था कि जिस कॉलेज में प्रिंसिपल का पद खाली होगा। उसके लिए विवि आवेदन आमंत्रित करेगा। फिर जितने आवेदन आएंगे, उन्हें राजभवन को भेजा जाएगा। राजभवन इस पर विचार कर जिसे योग्य समझेगा,उसे प्रिंसिपल बनाएगा। इसके आलोक में विश्वविद्यालय की ओर से स्थापना संबंधी अधिसूचना जारी की जाएगी। छात्र नेताओं का आरोप है कि ग्रेजुएट कॉलेज के मामले में कोल्हान विवि प्रशासन ने ऐसा नहीं किया है। सीधे डॉ बीएन प्रसाद को ग्रेजुएट कॉलेज में तबादले की सूचना जारी कर दी गई। प्रिंसिपल बनाकर केएस कॉलेज सरायकेला से जमशेदपुर भेज दिया।

पिछले एक वर्ष में यह पहला मामला है,जब इस प्रकार से किसी को नए कॉलेज में प्रिंसिपल बनाया गया है । विदित हो कि इससे पहले एबीएम कॉलेज में डॉ मुदिता चंद्रा का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रिंसिपल पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन लिया गया था। उस समय भी डॉ बीएन प्रसाद, डॉ विजय कुमार पीयूष समेत कई ने अपनी दावेदारी की थी। राजभवन ने डॉ विजय कुमार पीयूष को प्रिंसिपल नियुक्त किया था। दावा किया जा रहा है कि विश्वविद्यालय ने इस बार यह प्रक्रिया नहीं अपनाई, बल्कि अनुमति मिलने की प्रत्याशा में अधिसूचना जारी कर दी।

**विश्वविद्यालय के एक प्रशासनिक अधिकारी से डॉ प्रसाद की बेहद नजदीकी :** छात्र नेता हेमंत पाठक का आरोप है कि डॉ बीए प्रसाद को जमशेदुपर के किसी कॉलेज में प्रिंसिपल बनाने कर भेजने की तैयारी विवि कई महीनों से कर रहा था। राजभवन के अनुमोदन के चक्कर में यह नहीं हो पा रहा था। इसी वजह है कि इस बार विवि ने राजभवन से अनुमोदन लिए बिना ही डॉ बीए प्रसाद को ग्रेजुएट कॉलेज का प्रिंसिपल बना दिया। छात्र संगठनों का कहना है कि विश्वविद्यालय के एक पदाधिकारी के साथ बेहद करीब है। इसी वजह से विवि ने उन्हें यह पुरस्कार दिया है।

## महिलाओं को अधिकार से वंचित करने का आरोप प्रिंसिपल बनाने के मामले में पुरूषवादी सोच हावी

**JAMSHEDPUR :** आरोप लग रहे हैं कि कोल्हान विवि महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने की बात करता है, लेकिन प्रिंसिपल बनाने के मामले में यहां पुरूषवादी सोच ही हावी है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि केयू के 20 अंगीभूत कॉलेजों में से सिर्फ दो ही में महिला प्रिंसिपल है। जबकि 18 कॉलेजों की जिम्मेदारी पुरूषों के जिम्मे है। वहीं जिन दो महिलाओं को प्रिंसिपल बनाया गया है वे दोनों महिला कॉलेज में है। अगर को एजुकेशन वाले कॉलेजों की बात करें तो वहां एक भी महिला प्रिंसिपल नहीं हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि अब महिलाओं को शिक्षा के उच्च शिखर पर पहुंचाने के लक्ष्य के साथ खोले गए महिला कॉलेजों में भी शिक्षिकाओं को प्रिंसिपल बनने नहीं दिया जा रहा है,उन्हें दरकिनार कर पुरुषों को महिला कॉलेज की जिम्मेदारी दी जा रही है। ग्रेजुएट कॉलेज का मामला भी कुछ ऐसा ही है। कहने को तो यह महिला कॉलेज है लेकिन यहां प्रिंसिपल पुरूष को बना दिया गया है।

**हर जगह रहे हैं विवादों में:** अगर डॉ बीएन प्रसाद की बात करें तो यह जहां भी रहे हैं, वहां विवादों से इनका नाता रहा है। वर्कर्स कॉलेज हो या घाटशिला कॉलेज हर जगह किसी न किसी विवाद की वजह से विवि को इन्हें स्थनांतरित करना पड़ा है। वहीं ग्रेजुएट कॉलेज में पदभार संभालने के बाद ही विवाद शुरू हो गया है।

**महिला कॉलेज में प्रिंसिपल महिला हो यह जरूरी नहीं:** हालांकि अगर नियमों को देखें तो यह कही नहीं है कि एक महिला कॉलेज में सिर्फ महिला को ही प्रिंसिपल बनाया जाए। कई बार पुरूषों को भी जिम्मेदारी दी जाती है। इसके उदाहरण बहुत कम हैं। खासकर तब जब महिला को बराबर का अधिकार देने की बात हो।

**छात्र संगठनों में अलग अलग राय:** वहीं डॉ बीए प्रसाद को ग्रेजुएट कॉलेज का प्रिंसिपल बनाए जाने को लेकर छात्र संगठनों ने में अलग अलग राय देखने को मिल रहा है। जहां जेसीएम समेत कुछ छात्र संगठन डॉ प्रसाद के नियुक्ति को सही बता रहे हैं। वहीं अभाविप जैसे कुछ संगठन महिला कॉलेज में महिला प्रिंसिपल की नियुक्ति की बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर विवि महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का दावा कर रहा है तो प्रिंसिपल पद पर भी उन्हें बैठाना चाहिए। खासकर महिला कॉलेजों में इसे अनिवार्य करना चाहिए।

## वीमेंस यूनिवर्सिटी की सीटीओ प्रीति ने जीता अवार्ड, एनसीसी कैडेटों ने किया शानदार प्रदर्शन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** 37 झारखंड बटालियन ने सीएटीसी-VI एवं प्री-आईजीजीबीसी कैंप का आयोजन एनआईटी जमशेदपुर आदित्यपुर में किया, जिसमें झारखंड के विभिन्न यूनिटों के 604 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। इस कैंप का आयोजन 19 जुलाई से 28 जुलाई तक किया गया था।

इसमें वीमेंस यूनिवर्सिटी की एनसीसी की सीटीओ प्रीति ने सीएटीसी-VI एवं प्री-आईजीजीबीसी कैंप में अपने बेहतर काम के लिए 'बेस्ट सीटीओ' का अवार्ड जीता। सीएटीसी-VI कैंप में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। कैंप में जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की एनसीसी कैडेटों के द्वारा सफल प्रदर्शन किया गया। लगभग सभी तरह की प्रतियोगिताओं में हमारी छात्रा कैडेटों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इतनी छात्रा कैडेटों कि इतनी सारी उपलब्धियां बयां करती है कि यूनिवर्सिटी की एनसीसी छात्रा कैडेटों के निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण की दिशा में त्वरित गति से अग्रसर है।


अवार्ड जीतने के बाद कुलपति डॉक्टर अंजिला गुप्ता के साथ प्रीति। ● फोटोन न्यूज

**फायरिंग, बेस्ट ड्रिल और कैंप सीनियर में पुरस्कार जीता:** सीएटीसी-VI कैंप में फायरिंग के लिए प्रिया कुमारी को सिल्वर मेडल, बेस्ट ड्रिल के लिए काजल शर्मा को प्रथम पुरस्कार एवं एक हजार नगद राशि, कैंप सीनियर के लिए दीप्ति कुमारी को 1000 नगद प्राइज मिला। साथ ही. बेस्ट कैडेट का अवॉर्ड अदिति कुमारी को दिया गया।

प्री-आईजीजीबीसी कैंप के माध्यम से बरौनी में होने वाले आईजीजीबीसी कैंप के लिए सिलेक्शन लिया गया, जिसमें पूरे झारखंड के विभिन्न एनसीसी यूनिट ने हिस्सा लिया था। आईजीजीबीसी कैंप में आने वाले गणतंत्र दिवस परेड 2024 दूसरा पड़ाव है, जिसके लिए जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की 6 एनसीसी कैडेटों का सिलेक्शन हुआ, जिसमें अनमोल परी मिश्रा को बेस्ट कैडेट के लिए , प्रिया कुमारी थापा को कर्तव्य पथ के लिए, पूजा कुमारी टांडी, बबीता कुमारी दास, सुनीता कुमारी एवं काजल शर्मा को पीएम और कल्चरल रैली के लिए चयनित किया गया है।

साथ ही साथ यह भी बताते चले कि जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की 3 एनसीसी कैडेटों दीप्ति कुमारी, सुनीता कुंतीया और किसना गोप ने थल सेना कैंप में भी अपना स्थान बनाया है।

## छात्र संघ की मांग पहली मेधा सूची के आधार पर नामांकन की तिथि बढ़ाए केयू

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय के कॉलेजों में स्नातक चार वर्षिय कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत प्रथम मेधा सूची के आधार पर 26 जुलाई से एडमिशन हो रहा है। इस सूची में शामिल छात्रों के लिए एडमिशन लेने की अंतिम तिथि 3 अगस्त है। लेकिन मिली सूचना की मानें तो अब तक कॉलेजों द्वारा जारी पहली मेधा सूची के 50 प्रतिशत से भी कम छात्रों ने दाखिला लिया है। जबकि इस सूची के आधार पर एडमिशन में सिर्फ दो दिन शेष हैं।

कम नामांकन को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व आजसू छात्र संघ की ओर से मंगलवार को जिलाध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में वर्कर्स कॉलेज में प्राचार्य एसपी महालिक को ज्ञापन सौंपा गया।


प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते छात्रसंघ के प्रतिनिधि। ● फोटोन न्यूज

इसमें कहा गया कि शुक्रवार, शनिवार, रविवार को कॉलेज बंद था जिसकी वजह से बड़ी संख्या में छात्र नामांकन नहीं ले पाए हैं। जबकि अंतिम तिथि में सिर्फ दो दिन शेष है। ऐसे में विवि पहली मेधा सूची के आधार पर नामांकन की तिथि को कम से कम पांच दिन आगे बढ़ाए। ताकि इस सूची में शामिल छात्र छात्र एडमिशन ले सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के आयुष दास, राहुल कुमार, मोहित कुमार समेत अन्य शामिल थे।

## चार धामों के जल से किया गया अति उत्तमेश्वर ज्योतिर्लिंग का रुद्राभिषेक

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शहर की धार्मिक संस्था अति उत्तम शक्ति दरबार द्वारा मंगलवार को सावन माह की पूर्णिमा के अवसर पर हरहरगुटटू स्थित अति उत्तम शक्ति दरबार में जय बाबा अति उत्तमेश्वर और सभी 13 शिवलिंगो (अति उत्तमेश्वर ज्योतिर्लिंगों) का रुद्राभिषेक पूजा चार धाम के जल सहित स्थानीय नदियों से जल लाकर किया गया। फलो का रस, भांग, धातुरा, भम्स, बेलपत्र, फूल, फल, दूध, दही, घृत, शहद और चीनी से रुद्राभिषेक पूजा किया गया। भोले बाबा का फूलों से श्रृंगार भी किया गया।

पूजा के सभी कार्यक्रम अतिउत्तम शक्ति दरबार के संस्थापक भक्त राजा सुर्य देव उत्तम परम हंस जी के द्वारा संपन्न किया गया। पूजा के दौरान भोले बाबा से झारखंड में अच्छी बारिश, देश की समृद्धि और विश्व शांति के लिए कामना की गई। पंडित सुशांतो ने पूजा करायी। माँ कुल्लु रानी और उनके काफी भक्त रुद्राभिषेक पूजा में शमिल हुए।


पूजा में शामिल श्रद्धालु। ● फोटोन न्यूज

रुद्राभिषेक पूजा की आरती के बाद सभी भक्तो के बीच भोग प्रसाद वितरण किया गया। मंगलवार को दिन भर ओम नमः शिवाय, जय जय भोलेनाथ, हर हर महादेव के जयघोष से अति उत्तम शक्ति दरबार गूंजते रहा। इस दौरान आस-पास का क्षेत्र भी धार्मिक मय हो गया था।

## नैक की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए सात अगस्त तक एसएसआर तैयार करने का निर्णय

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में मंगलवार को इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) की बैठक हुई। बैठक में कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों को और बेहतर बनाने समेत उसे बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस क्रम में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये। बैठक में उपस्थित कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल जालान ने प्रतिवर्ष टॉपर छात्र अथवा छात्रा को 25 हजार रुपये छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। साथ ही चंचला सहाय छात्रवृत्ति न्यास को पुनः सुसंचालित करने का निर्णय लिया गया। वहीं कॉलेज का नैक एक्रिडिटेशन कराने पर भी चर्चा की गयी।


आईक्यूएसी की बैठक में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य व शिक्षक। ● फोटोन न्यूज

**नैक की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप :** बैठक की जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने बताया कि कॉलेज में नैक की तैयारियों को अब अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया गया है। इसके मद्देनजर 7 अगस्त तक सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एसएसआर) तैयार करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया है। साथ ही सभी विभागों के द्वारा तैयार पॉवर प्वाइंट प्रजेंटशन (पीपीटी) को प्रदर्शित किया गया। इसमें कुछ और सुधार की गुंजाइश बताते हुए उसे 7 अगस्त तक पूरा करने का निर्देश दिया गया।

**कॉलेज करेगा रिसर्च जर्नल का प्रकाशन :** बैठक में कॉलेज की ओर से रिसर्ज जर्नल का प्रकाशन करने की भी योजना है. इसके लिए कॉलेज की ओर से रांची स्थित आईएसडीआर के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस बात पर सहमति बनी कि कॉलेज अपने स्तर से भी एक रिसर्ज जर्नल का प्रकाशन करेगा, जिसमें कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों के अलावा अन्य कॉलेजों अथवा संस्थानों से आये शोध को स्थान दिया जायेगा। बैठक में डॉ अशोक झा समेत सेल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### प्रेरक कहानियों पर आधारित दूरदर्शन के शो वेलडन इंडिया में दिखे झारखंड के पैडमैन तरुण कुमार

## 55 मिनट की डॉक्यूमेंट्री में दिखी तरूण की संघर्षपूर्ण कहानी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** अगर रेंगना आता हो तो चलने की कोशिश करें, अगर चलना आता है तो दौड़ने की कोशिश करें, अगर दौड़ना आता हो तो उड़ने की कोशिश करे, लेकिन बहुत कम लोग इस जुनून को जी पाते है, ऐसे ही जज्बे को जीने वाले है जमशेदपुर के...., इन मशहूर प्रेरणादायी पंक्तियों को पढ़ते हुये दूरदर्शन पर प्रसारित कार्यक्रम वेलडन इंडिया की शुरूआत सोमवार को होस्ट सुशांत कुमार ने किया।

सोमवार 31 जुलाई को दोपहर 2 बजे झारखंड के पैडमैन के नाम से चर्चित निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार के जीवनी व संघर्षपूर्ण कार्यों पर आधारित वेलडन इंडिया कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान तरुण कुमार के कार्यों पर आधारित 55 मिनट 28 सेकंड अवधि के वृतचित्र (डॉक्यूमेंट्री ) का प्रसारण किया गया। वेलडन इंडिया कार्यक्रम में समाज के लिए प्रेरक कहानियों पर आधारित एपिसोड प्रसारित किए जाते है।


बच्चों के साथ वार्ता करते तरूण कुमार। ● फोटोन न्यूज

तरुण कुमार पर आधारित वेलडन इंडिया शो के दौरान गांव की बच्चियों, महिलाओं, शिक्षकों, स्वयंसेवकों व अन्य के साक्षात्कार दिखलाया गया। कार्यक्रम के दौरान तरुण के द्वारा जनभागीदारी से शुरू किए गए माहवारी स्वच्छता अभियान, पैडबैंक, वीर शहीद गणेश हांसदा फेलोशिप, पुस्तकालय समेत बच्चों, महिलाओं व युवाओं को शिक्षित करने वाले प्रयासों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान विगत 13 साल से भी ज्यादा समय के संघर्षपूर्ण सामाजिक सफर व चुनौतियों के बारे में बताते हुये तरुण ने कहा की हम सभी समाज के संसाधनों का उपयोग करते हुये निर्मित होते है, हम सभी जब भी सक्षम हो जाए, हमें समाज को भूलना नहीं चाहिए, समाज के छोटे बड़े समस्याओं का समाधान करने का प्रयास जरूर करना चाहिए, कोई भी प्रयास छोटा या बड़ा नहीं होता। लगातार ईमानदार निः स्वार्थ प्रयासों से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

तरुण न्यूनतम संसाधनों में बिना हिम्मत हारे लगातार सुदूर इलाको में रह रहे बच्चों के बेहतरी हेतु कई अभियानों पर कार्य कर रहे है। माहवारी स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण, बाल रचनात्मकता, तकनीक का सही उपयोग इत्यादि जैसे बुनियादी मुद्दों के प्रति ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों को जागरूक करने पर उनका विशेष जोर है। विभिन्न अभियानों के माध्यम से वह पिछले कई सालों में सैकड़ों गांवों व विद्यालय जाकर लगभग 1 लाख से ज्यादा बच्चों व लोगों तक जागरूकता का संदेश पहुंचा चुके है। इस सफर में साथ देने वाले सभी लोगों, संस्था से जुड़े निः स्वार्थ सदस्यों, स्वयंसेवकों व बच्चों का तरुण ने आभार जताया।

दूरदर्शन पर प्रसारित वेलडन इंडिया शो को यू ट्यूब लिंक https://youtu.be/byT-xLnVqb4 पर जाकर देखा जा सकता है। बताते चले की ओटीटी प्लैटफार्म मेरा टीवी पर भी पिछले महीने तरुण के कार्यों पर आधारित फिल्म तरुणी रिलीज किया गया था। फिल्म को लिंक https://www.meratv.in/play.php?furl=taruni पर जाकर निःशुल्क देखा जा सकता है।

## बारिश के कारण मंगला हाट नहीं पहुंच पाए ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहक


बारिश के कारण खाली पड़े दुकान ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** वर्षा के कारण मंगला हाट का बाजार काफी फीका रहा। अमूमन मंगलवार के दिन बाजार में पैर रखने की जगह तक नहीं मिल पाती है आज वह खाली-खाली रहा। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले विक्रेता ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहे। बहुत कम ही दुकान खुले नजर आए। यहां पर ग्राहक कुछ खरीदारी करते नजर आए।

मंगला हाट के अंदर बाजार की कमोबेश यही स्थिति रही। हर जगह ग्राहक नदारद रहे। ना सड़कों पर लोगों की भीड़ ना बाजारों में भीड़ नजर आई। ज्यादातर विक्रेता ग्राहकों के इंतजार में अपने-अपने जगहों पर बैठे नजर आए। आज के दिन मंगला हाट की स्थिति यह होती है कि जिले से ही नहीं बल्कि आसपास के जिले और पड़ोसी राज्य से लोग यहां पर मंगल बाजार के दिन खरीददारी करने के लिए आते हैं। क्योंकि उनकी जरूरत का सामान यहां पर आसानी से उपलब्ध हो जाता हैं।

## BRIEF NEWS

### आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत टोंटो एवं गुदड़ी का चयन

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के निमित्त उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तर्ज पर आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। जिसके तहत जिले के दो प्रखंड टोंटो एवं गुदड़ी का चयन केन्द्र स्तर से किया गया है। कार्यशाला में उपायुक्त के द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संलग्न पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान आकांक्षी जिला अंतर्गत शामिल सूचकांक स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत संरचना तथा वित्तीय समावेशन, सामाजिक विकास से संबंधित बिंदुओं पर पीपीटी प्रदर्शित करते हुए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यशाला में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप बख्शी ने अगस्त माह में चयनित दोनों प्रखंडों में चिंतन शिविर तथा प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारियों संग कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश दिया।

### नुक्कड़ नाटक कर सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल के निदेशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजना आधारित पंपलेट, पोस्टर, बैनर आदि बांटते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। मंगलवार को आयोजित नुक्कड़ नाटक में ग्रामीणों को डायन प्रथा उन्मूलन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से गो पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम की जांच शुरू

**JAMSHEDPUR :** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर निवार्चन आयोग भारत सरकार के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम में ईवीएम, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट की प्राथमिक स्तरीय जांच मंगलवार को शुरू की गई है। जमशेदपुर प्रखंड के कीताडीह पंचायत स्थिति ईवीएम वेयर हाउस में प्रशासनिक व तकनीकी पदाधिकारियों की देखरेख में फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) शुरू की गई, मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने एफएलसी के पहले दिन किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया एवं मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने बताया कि 15 अगस्त तक एफएलसी पूरा कर लिया जाएगा। तकनीकी जांच के लिए इसीआईएल कंपनी के इंजीनियर्स की टीम आई है।

### एक्सआईटीई : कॉलेज में छात्रों के जर्नल का विमोचन

**JAMSHEDPUR :** गम्हरिया स्थित एक्सआईटीई कॉलेज के छात्रों की ओर से मंगलवार को जर्नल का प्रकाशन किया गया। बताया गया है कि छात्रों को शोध की बारीकियां के अवगत कराने और शोध के तरीके के बारे में शिक्षित करने के लिए कॉलेज उन्हें सहयोग करेगा। यह वार्षिक पत्रिका कॉलेज के स्नातक (यूजी) छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। पत्रिका छात्रों को अपने शोध कौशल को सुधारने और व्यवस्थित सार तैयार करने की के प्रति प्रोत्साहित करनेवाली है। इसमें प्रकाशित लेखों में साहित्य, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, वाणिज्य और व्यवसाय शामिल हैं। इस पत्रिका के माध्यम से कॉलेज छात्रों के लिए उनकी रुचि और आलोचनात्मक सोच के कुछ विषयों पर विचार करने के लिए एक मंच बनाने का प्रयास करता है। इस जर्नल का एक्सआईटीई परिवार की उपस्थिति में विमोचन किया गया। कॉलेज के उप प्राचार्य फादर डॉ मुक्ति क्लेरेंस ने पत्रिका के मुख्य संपादक हैं।

# सुनवाई का स्वागत


देश की शीर्ष अदालत में मणिपुर की सुनवाई स्वागतयोग्य है। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा से निपटने के लिए एक व्यापक तंत्र विकसित करने का आह्वान किया। लगे हाथ अदालत ने यह भी पूछा कि मई से राज्य में ऐसी घटनाओं में कितनी एफआईआर दर्ज हुई है? अच्छी बात यह है कि केंद्र सरकार का रुख भी सकारात्मक है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि अगर शीर्ष अदालत मणिपुर हिंसा की जांच की निगरानी करती है, तो केंद्र सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। निर्मम हिंसा और अपमान का शिकार हुई दो महिलाओं की ओर से दायर याचिका की सुनवाई से लोगों की उम्मीदें बढ़ी हैं। वैसे, अदालत ने 20 जुलाई को ही इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की था। उसने यह भी कहा था कि हिंसा को अंजाम देने के लिए महिलाओं को साधन के रूप में इस्तेमाल करना सांविधानिक लोकतंत्र में बिल्कुल नामंजूर है। वाकई, 4 मई को मणिपुर में जो घटा, उसके खिलाफ कानून-व्यवस्था को ऐसा कड़ा रुख अपनाना चाहिए कि मिसाल बन जाए। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के तेवर से साफ लगने लगा है कि देश में महिला सुरक्षा के मामले में फिर एक जरूरी पहल होने वाली है। यह एक ऐसा मामला है, जिसमें किसी भी प्रकार से अपराधियों को मदद नहीं मिलनी चाहिए। जो अक्षम्य घटा है, उसका कानून सम्मत पटाक्षेप जल्द होना चाहिए। हां, अगर इस मामले की सुनवाई मणिपुर में निष्पक्ष ढंग से नहीं हो सकती, तो किसी अन्य राज्य में सुनवाई कराने में हर्ज नहीं है और इसकी निगरानी स्वयं सर्वोच्च न्यायालय को करनी चाहिए। जांच कोई भी एजेंसी करे, निगरानी शीर्ष अदालत को करनी चाहिए। महिलाओं की ओर से पेश याचिकाकर्ता वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सीबीआई जांच और मुकदमे को असम स्थानांतरित करने का विरोध किया है, तो इस पर गौर करना चाहिए। यह अपराध ऐसा है, जिसे कतई छिपाया नहीं जा सकता। छिपाने या अपराधियों को बचाने की कोई भी कोशिश या साजिश एक बहुत बुरे समाज की रचना करेगी। न्यायालय अगर इस मामले को व्यापकता में देख रहा है, तो प्रशंसा होनी चाहिए। उसे यह ध्यान है कि वायरल वीडियो मामला राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की एकमात्र घटना नहीं है। पिछले दिनों एक खबर आई थी कि सात कुकी महिलाओं के साथ ज्यादती हुई है, हालांकि, राज्य सरकार की ओर से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अब राज्य सरकार को पूरे आंकड़ों के साथ अदालत को सूचित करना होगा, और यही उचित है। ऐसी हिंसा से निपटने के लिए क्या किया जाए, इस बारे में विशेषज्ञ सलाह की शुरूआत हो गई है और सर्वोच्च न्यायालय के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी गौर करना चाहिए। अपराध कदापि राजनीति से संबंधित मामला नहीं है और किसी भी अपराध को केवल कानून की नजर से देखना चाहिए। महिलाओं के खिलाफ अन्याय की चक्की केवल मणिपुर में नहीं चलती।

# हत्या से जुड़े सवाल

जयपुर से मुंबई जा रही एक पैसेंजर ट्रेन में जिस तरह से रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स जवान ने फायरिंग की और एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर सहित तीन यात्रियों को मार डाला, वह रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। हालांकि घटना सोमवार सुबह की है और अभी आरंभिक सूचनाएं ही उपलब्ध हो पाई हैं, लेकिन ये भी बहुत परेशान करने वाली हैं। आरपीएफ के इस सुरक्षा दल की सूरत में तड़के पौने तीन बजे इस ट्रेन में तैनाती हुई और करीब पांच बजे मुंबई के बोरिवली स्टेशन से कुछ पहले यह घटना हो गई। [illegible] के कुछ अधिकारियों ने इस जवान की मानसिक स्थिति खराब होने की बात कही है तो कुछ अन्य के मुताबिक वह पहले से ही गरम मिजाज का माना जाता रहा है। दोनों ही स्थितियों में सवाल उसे ड्यूटी पर तैनात किए जाने पर उठता है। अव्वल तो यह कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने की कितनी पुष्ट या अपुष्ट जानकारी अफसरों को थी और दूसरे इस जानकारी के बावजूद उसे हथियारों के साथ ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पर कैसे लगा दिया गया। जहां तक गरम मिजाज की बात है तो भी सवाल यही है कि इससे पहले ऐसी कौन सी और कितनी घटनाओं की सूचना सीनियर्स को थी। अगर इन दोनों बातों को संभावना के तौर पर थोड़ी देर को सही मान लिया जाए तो भी यह सवाल बना रहता है कि उसे अचानक चलती ट्रेन में फायरिंग करने के लिए उकसाने वाले कौन से हालात बन गए। जिस तरह से उसने पहले एएसआई की हत्या की, फिर दूसरे कोच में जाकर अन्य यात्रियों की हत्या, फिर ट्रेन के बॉगी में लगी चेन खींचकर बोरिवली से पहले दहिसर स्टेशन के पास उतरकर भागना चाहा, उससे यह क्षणिक गुस्से में अंधाधुंध फायरिंग करने का मामला नहीं लगता। अगर ये सूचनाएं सही हैं तो कई ऐसे सवाल उठते हैं जिनके मुफीद जवाब उपलब्ध नहीं हैं। जाहिर है, आगे की जांच-पड़ताल से ही इस मामले के सभी तथ्य सामने आएंगे और इन सवालों के जवाब भी तभी मिल सकेंगे। लेकिन मामला सिर्फ इस एक घटना से जुड़े तथ्यों का नहीं है। रेलवे के मामले में पिछले कुछ समय से ऐसी प्रवृत्ति बनती दिखी है कि जब भी कोई बड़ी घटना होती है तो सारा जोर उस एक घटना पर और उसके दोषियों पर केंद्रित हो जाता है। बड़ा सवाल उन हालात का है, जिनमें ऐसी घटनाओं का होना संभव बनता है।

# हिमालय राष्ट्रीय मुद्दा है, राजनैतिक नहीं

ANALYSIS



कुलभूषण उपमन्यु

**हिमालय की पारिस्थितिकीय सुरक्षा का मसला एक देशीय भी नहीं है। हिमालय के आगोश में बसे अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, भूटान, बांग्लादेश, और म्यांमार तक सभी हिमालय में हो रही पर्यावरणीय गडबड़ियों के शिकार हो रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि हम सभी हिमालयी परिस्थिति से प्रभावित देश आपस में मिलकर कोई साझा कार्यक्रम बनाने की समझदारी विकसित करते, किन्तु स्थिति तो यह है कि हम अपने देश के अंदर ही हिमालय के स्वास्थ्य के लिए चिंतित नहीं हैं। झेल तो सभी देश रहे हैं। चीन, पकिस्तान बांग्लादेश और भारत खास तौर पर बाढ़ों के साल दर साल शिकार हो रहे हैं, किन्तु हम न तो अपनी गलतियां मानने को तैयार हैं और न ही उन्हें पहचानने को तैयार हैं। तकनीक के अहंकार ने हमें अंधा बना दिया है। हम सोचते हैं कि हम इस नाजुक पर्वत से मनमानी छेड़छाड़ करके इसकी नाजुकता पर पार पा सकते हैं। किन्तु साल दर साल बढ़ती जाती तबाही से भी हम सीखने को तैयार नहीं हैं।**

हिमालय की पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय सुरक्षा एक राष्ट्रीय मुद्दा है और सीमाओं की सुरक्षा जितना ही महत्वपूर्ण भी है। आखिर हम सीमाओं की सुरक्षा अपनी मानव आबादी की खुशहाली, संसाधनों के सदुपयोग और सुरक्षा एवं सतत विकास के लिए ही तो करते हैं। हिमालय एक सबसे कम आयु की पर्वत शृंखला है जो अभी तक भी निर्माण की अवस्था में है। इस कारण इसकी चट्टानें अभी तक भी भुरभुरी और नाजुक हैं। हिमालय की पारिस्थितिकीय सुरक्षा का मसला एक देशीय भी नहीं है। हिमालय के आगोश में बसे अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, भूटान, बांग्लादेश, और म्यांमार तक सभी हिमालय में हो रही पर्यावरणीय गडबड़ियों के शिकार हो रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि हम सभी हिमालयी परिस्थिति से प्रभावित देश आपस में मिलकर कोई साझा कार्यक्रम बनाने की समझदारी विकसित करते, किन्तु स्थिति तो यह है कि हम अपने देश के अंदर ही हिमालय के स्वास्थ्य के लिए चिंतित नहीं हैं। झेल तो सभी देश रहे हैं। चीन, पकिस्तान बांग्लादेश और भारत खास तौर पर बाढ़ों के साल दर साल शिकार हो रहे हैं, किन्तु हम न तो अपनी गलतियां मानने को तैयार हैं और न ही उन्हें पहचानने को तैयार हैं। तकनीक के अहंकार ने हमें अंधा बना दिया है। हम सोचते हैं कि हम इस नाजुक पर्वत से मनमानी छेड़छाड़ करके इसकी नाजुकता पर पार पा सकते हैं। किन्तु साल दर साल बढ़ती जाती तबाही से भी हम सीखने को तैयार नहीं हैं। चीन जो आर्थिक रूप से शक्तिशाली देश है, वह भी इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं कर पा रहा है, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जक बन गया है। उसकी होड़ में बाकी एशियाई देश भी पीछे रहने के लिए तैयार नहीं हैं। वैश्विक तापमान वृद्धि में लगातार अपना योगदान बढ़ाते जा रहे हैं, जिसके कारण जलवायु परिवर्तन का जिन्न हमारे सामने मुंह बाए खड़ा हो गया है। पिछले साल की बाढ़ों से हुई तबाही से पाकिस्तान आज तक नहीं उबर पाया है, किन्तु इन सब देशों के प्राथमिकता वाले मुद्दे अपने अपने हिमालय की संभाल करने के आसपास भी नहीं हैं। हम भी कहां पीछे रहने वाले हैं। बेतरतीब सड़क निर्माण, बड़े, छोटे बांध निर्माण, हिमालय के सीने तक रेल ले जाने की योजना, पर्यटन का मनमाना स्वरूप, नदी किनारे तक आवास बनाने की अहंकारी सोच, सारे विकास के नाम पर, बिना पूरी वैज्ञानिक समझ से किए जा रहे काम हिमालय की नाजुक ढलानों को अस्थिर करते जा रहे हैं। भगवान कृष्ण ने गीता में कहा कि 'मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं'। उस स्थिर हिमालय को हमने अस्थिर कर दिया है। इस वर्ष ताजा बरसात में ही हिमाचल प्रदेश में प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया है। 150 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। 8000 करोड़ रुपये की निजी और सार्वजनिक संपत्ति की हानि हो चुकी है। बरसात अभी भी सिर पर ही है। कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, और कांगड़ा जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। हिमालय में पहले भी बाढ़ का प्रकोप होता रहा है। किन्तु जलवायु परिवर्तन ने उसकी तीव्रता को और बढ़ा दिया है। हम इस तथ्य से भली भांति परिचित भी हैं। फिर भी उस ओर ध्यान देने की हमारी मंशा ही नहीं होती है। हमारी लड़ाइयां राहत राशि ज्यादा से ज्यादा लेने तक सीमित हो जाती हैं। केंद्र सरकार भी कुछ राहत राशि दे कर अपनी जिम्मेदारी का इतिश्री कर लेती है। बरसात निकल गई और सब भूल जाते हैं। हमने अपनी गलत हरकतों को छुपाने के लिए प्राकृतिक आपदा को बहाने की तरह प्रयोग करने की कला सीख ली। इसलिए सरकारें और निहित स्वार्थ, भारी बरसात के कारण तबाही हुई ऐसा साबित करने में अपनी शक्ति लगा देते हैं। हमने अपनी गैर जिम्मेदार ढांचागत विकास गतिविधियों के कारण तबाही को कितना आमंत्रित किया है, इस बात को सामने लाने से बचते रहते हैं। जो लोग इस तरह के विकास की कमियों को उजागर करने का साहस करते हैं उन्हें विकास विरोधी घोषित कर दिया जाता है। यह एक आधुनिक गाली की तरह उपयोग होने वाला शब्द बन गया है। किन्तु सच देखने-दिखाने के लिए और स्थिति का वैज्ञानिक विश्लेषण करने के लिए हमें यह गाली खाने का खतरा तो उठाना ही चाहिए। हम विकास विरोधी हैं भी नहीं। केवल गलत दिशा और तकनीकों के विरोधी हैं। हमारी आवाज हर सरकार के समय एक ही रही है। चाहे भाजपा हो या कांगेस। इसलिए हमें किसी दल का समर्थक या विरोधी मानने की गलती भी न की जाए, क्योंकि इससे हम एक राष्ट्रीय मुद्दे को दलगत राजनीति में घसीट कर महत्वहीन बनाने का गुनाह कर रहे होंगे। हम भारतीय परंपरा पर गर्व करते हैं किन्तु यह भूल जाते हैं कि भारतीय परंपरा तो मूल रूप से पर्यावरण मित्र जीवन पद्धति अपनाने पर बल देकर ही गौरवमय हुई है। वर्ष 2012 में शिमला में हिमालयी राज्यों का जलवायु परिवर्तन पर कॉनक्लेव हुआ था, जिसमें उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ तत्कालीन केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने भी शिरकत की थी। इस दौरान हिमालय नीति अभियान द्वारा हिमालय में अवैज्ञानिक तरीके से विकास के कारण होने वाली तबाहियों के बारे में प्रदेश की जनता की चिंताओं से संबंधित ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में एक्शन प्लान बनाया गया। उसमें भी दरपेश खतरों को चिह्नित किया गया था और सुधार के लिए एक कार्ययोजना बनाई गई थी। इसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की गंभीरता को कम करने और जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढालने की तैयारी की बात की गई थी। उसमें स्पष्टतः मुद्दों को परिभाषित करने के अच्छे प्रयास हुए थे, किन्तु जमीन पर कोई हलचल दिखाई नहीं देती है। खासतौर पर निर्माण गतिविधियों में कोई सुधार दृष्टि गोचर नहीं होता है। 2021 में कार्ययोजना को पुनः वर्तमान जरूरतों के अनुसार संशोधित किया गया। 2008 की केन्द्रीय जलवायु परिवर्तन पर कार्ययोजना के अनुरूप हिमाचल प्रदेश में भी चिह्नित मुद्दों पर नीतियां बनाई गईं। उनमें कुछ ही पर कार्य हुआ, शेष नीतियां जमीन पर उतरने का इंतजार कर रही हैं। किन्तु सड़कों वाले प्रभाग में सड़क सुरक्षा, पर्यावरण मित्र वाहनों को टैक्स प्रोत्साहन और वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था रोप-वे आदि के प्रोत्साहन के स्वागत की बात तो रखी गई है किन्तु सड़क निर्माण द्वारा हो रही वनों की तबाही और अवैध डंपिंग द्वारा भूस्खलन का कोई जिक्र नहीं है और न ही सड़क निर्माण तकनीक सुधार कर हिमालय के परिस्थितिक संतुलन को हो रहे नुकसान से बचने की ओर कोई ध्यान दिया गया है। टिकाऊ विकास के लिए टिकाऊ सड़क निर्माण चाहिए, किन्तु उसकी बात नहीं की गई है। हिमालय में टिकाऊ विकास के लिए हर गतिविधि को टिकाऊ बनाना पड़ेगा। नियोजित शहरी और ग्रामीण विकास की नीति भी बनी किन्तु नदी किनारे तक ब्यास बेसिन में भवन निर्माण की ओर ध्यान क्यों नहीं गया। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश हर वर्ष ऐसी तबाही का शिकार हो रहे हैं। इससे सबक लेते हुए केंद्र सरकार को हिमालय क्षेत्र में विकास का पर्यावरण मित्र मॉडल, जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना में शामिल करना चाहिए। किन्तु केंद्र की जलवायु परिवर्तन पर संवेदनशीलता भी दिखावटी सिद्ध हो रही है। इसका उदाहरण वर्तमान वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन है। इसमें एलओसी और एलएसी से 100 किलोमीटर तक वन भूमि का उपयोग परिवर्तन के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से पूर्वानुमति का प्रावधान हटा दिया गया है। यह ठीक है कि सुरक्षा के लिए जरूरी परियोजनाओं के मामले में आगे बढ़ना जरूरी होता है। किन्तु वर्तमान में भी तो भूमि उपयोग बदलने की व्यवस्था वन संरक्षण अधिनियम 1980 में विद्यमान है। उससे ही अभी तक की विकास परियोजनाएं बनाई गई हैं। आप अतिरिक्त स्टाफ लगा कर उसे जल्दी इजाजत दिलाने की व्यवस्था कर सकते हैं। वर्तमान व्यवस्था कुछ जवाबदेही तय है। नए संशोधन से जवाबदेही हट जाएगी जिससे निर्माण कार्य में और ज्यादा लापरवाही होने लगेगी। सीमा से लगता 100 किलोमीटर का क्षेत्र ही हिमालय का सबसे संवेदनशील क्षेत्र है।

**लेखक, पर्यावरणविद् और जल-जंगल-जमीन के मुद्दों के जानकार हैं।**

# सीमा-अंजू की प्रेम कहानी में पाकिस्तान की चाल तो नहीं

आजकल सोशल मीडिया पर सीमा और अंजू की मोहब्बत से जुड़ी कहानियों को चटकारे लगाकर पेश किया जा रहा है। पर इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि कहीं इन दोनों के कथित इश्क में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों का कोई रोल तो नहीं है। ये आप सभी जानते हैं कि सीमा एक पाकिस्तानी महिला है। उसका ग्रेटर नोएडा के सचिन नाम के नौजवान से सोशल मीडिया पर इश्क का परवान चढ़ा तो वो अपना वतन और शौहर को छोड़कर नेपाल होते हुए अपने प्रेमी के पास आ गई। वो अपने साथ अपने बच्चों को भी ले आई। उधर, राजस्थान के भिवाड़ी में रहने वाली दो बच्चों की मां अंजू पाकिस्तान चली गई अपने प्रेमी से मिलने। वहां उसने निकाह के बाद इस्लाम धर्म को कुबूल भी कर लिया । अब अंजू हो गई है फातिमा। अंजू की फेसबुक के जरिये पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वाह प्रान्त में रहने वाले 29 साल के नसरूल्लाह से दोस्ती हुई थी, यह बताया जा रहा है। अब यहां हम बात करेंगे उस बड़े सवाल की, जिसकी तरफ ध्यान देने की जरूरत है। पहले बात सीमा की। सीमा बिना किसी पासपोर्ट या वीजा के नेपाल के रास्ते भारत आ गई। एक बार हम यह मान भी लेते हैं कि वह पाकिस्तान की किसी खुफिया एजेंसी से संबंध नहीं भी रखती होगी। पर एक दुश्मन देश की नागरिक का अपने चार छोटे बच्चों के साथ नेपाल से बिना किसी अवरोध या मदद के या गतिरोध ग्रेटर नोएडा तक आसानी से पहुंचना गंभीर सवाल तो खड़े करता ही है। इसी तरह से नेपाल के रास्ते पाकिस्तान के आतंकवादियों को भारत में कत्लेआम मचाने के लिए भी तो भेजा जा सकता है। पाकिस्तान ने 2008 में मुंबई में यही तो किया था। उसके बाद मुंबई हमेशा-हमेशा के लिए बदल गई। 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया और अचानक मुंबई के बाजार और चौराहों पर हमला कर दिया। उस आतंकी हमले में सैकड़ों लोगों की जान चली गई और हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति तबाह हो गई। इसके बावजूद पाकिस्तान में उस हमले के मास्टर माइंड खुलेआम घूम रहे हैं। अगर कोई सोच रहा है कि मुंबई हमलों के बाद सब कुछ शांत हो गया था, तो वे फिर पठानकोट और उसके बाद उरी की घटनाओं को भी जरा याद कर लें। कहने का मतलब यह है कि हमें जागना होगा। हमें याद रखना होगा कि पाकिस्तान किसी भी रास्ते से भारत की पीठ पर वार कर सकता है। क्या यह संभव नहीं है कि पाकिस्तान की ही खुफिया एजेंसियों ने ही सीमा को भारत में भेजा हो ताकि टोह ली जा सके कि हमारे निगाहबान कितने सतर्क हैं? अब बात कर लेन अंजू से फातिमा बनी महिला की। यह सवाल तो पूछा ही जाएगा कि उसे मजे-मजे में पाकिस्तान का वीजा कैसा मिल गया। पाकिस्तान की एंबेसी से भारतीय नागरिकों को बहुत कम वीजा ही मिलते हैं। आप कभी पाकिस्तान की एंबेसी के गेट के बाहर जाकर खुद देख लें। उनका वीजा देने वाला गेट नेहरू पार्क की तरफ है। वहां पर बुजुर्ग मुसलमान वीजा के लिए सुबह से शाम तक बैठे होते हैं। वे सरहद के उस पार अपने करीबियों को मिलने जाना चाहते हैं। पर उन्हें पाकिस्तान वीजा देने से इनकार करता रहता है। इसलिए ही ये सवाल पूछने का मन कर रहा है कि पाकिस्तान एंबेसी ने अंजू को अपने दोस्त से मिलने का वीजा कैसे दे दिया? पाकिस्तान में मुहाजिरों के हकों के लिए लड़ने वाली मुताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के नेता अल्ताफ हुसैन 2004 में राजधानी दिल्ली आए थे। वे तब कह रहे थे कि दोनों पड़ोसी मुल्कों के संबंध खराब होने के कारण देश के बंटवारे के समय बंट गए परिवार भी हमेशा-हमेशा के लिए एक-दूसरे से दूर हो गए। कारण यह है कि अब दोनों देशों का वीजा लेना मुश्किल हो गया है। भारत तो पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा देने में इसलिए बहुत एहतियात बरतता है, क्योंकि, वहां से पाकिस्तान भारत में आतंकी तत्वों को भेजता रहा है। हालांकि वहां से हजरत निजामुउद्दीन औलिया के उर्स में भाग लेने के लिए इस बार भी बहुत से तीर्थ यात्रियों को भारत ने वीजा दिया था। पर पाकिस्तान तो भारत के लेखकों, पत्रकारों, डॉक्टरों को भी वीजा देने से आनाकानी करता है। पर उसने अकेली अंजू को वीजा देने में गजब की जल्दी दिखाई। इसलिए शक तो होता है कि आखिर पाकिस्तान ने किस वजह से उसे फटाफट वीजा दिया। एक दौर में हर साल सैकड़ों निकाह होते थे, जब दूल्हा पाकिस्तान का होता था और दुल्हन हिन्दुस्तानी। इसी तरह से सैकड़ों शादियों में दुल्हन पाकिस्तान की होती थी और दूल्हा हिन्दुस्तानी। सरहद के आरपार निकाह इसलिए बंद हो गए, क्योंकि; पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देता रहा। वीजा और फिर नागरिकता पाने के झंझट से बचने के लिए बहुत सारे लोग सीमा के उस पार अपना जीवन साथी खोजना बंद कर चुके हैं। पाकिस्तान के भारत के खिलाफ छद्म युद्ध जारी रखने की नीति के कारण दोनों देशों के नागरिकों को ही सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। मुंबई हमलों से पहले दिल्ली-मुंबई में पाकिस्तान से शायर, लेखक, फिल्मी कलाकार बराबर आते रहते थे। दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में पाकिस्तान के मशहूर शायर अहमद फराज को लगातार देखा जा सकता था। उनका एक मशहूर शेर है- 'रंजिश ही सही, दिल ही दुखाने के लिए आ, आ फिर से मुझे छोड़ के जाने के लिए आ।' खैर, हर हालत में भारत की सुरक्षा और जांच एजेंसियों को यह गहराई से जांच कर पता लगाना चाहिए कि सीमा कैसे भारत आ गई और अंजू भारत से पाकिस्तान कैसे चली गई।

# Social Media Corner

सच के हक में...



भाजपा, मीडिया और उनके साथ खड़ी ताकतों ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। सिर्फ. मोहब्बत ही देश में लगी इस आग को बुझा सकती है।

**(राहुल गांधी के ट्विटर अकाउंट से)**



महाराष्ट्र, ढाणे येथे घडलेली दुर्घटना अत्यंत दु:खद आहे। स्थानिक प्रशासनासह एनडीआरएफ चे पथक मदत आणि बचाव कार्यात आहेत। या दुर्घटनेत ज्यांनी प्राण गमावले त्यांच्या कुटुंबियांप्रती मी मनापासून संवेदना व्यक्त करतो। ईश्वर त्यांना हे दु:ख सहन करण्याची शक्ती देवो। या अपघातातल्या जखमी लवकरात लवकर बरे व्हावेत, अशी मी ईश्वरचरणी प्रार्थना करतो।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



हरियाणा के नूह में ब्रजमंडल यात्रियों पर भीषण पत्थरबाजी हुई, भक्तों को दौड़ दौड़ाकर पीटा गया, गाड़ियों में आग लगाई है पुलिस पर भी हमला किया गया। यह प्रवृत्ति आम हो गई है कि किसी भी हिंदू पदयात्रा पर हमला किया जा रहा है। झारखंड में भी विभिन्न हिंदू उत्सवों के समय साम्प्रदायिक दंगे भड़क जाते हैं। बहुसंख्यक समाज के लिए यह बहुत बड़ा संकट है। आत्मचिंतन का भी समय है कि इससे कैसे निपटा जा सकता है?

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# इंटरनेट की मायावी दुनिया

इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का ऐसा खजाना है, जिसके माध्यम से किसी एक कोने में बैठे हुए ही आप दुनिया भर की सैर कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इंटरनेट के माध्यम से विश्वभर की हर प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियों को एक छोटे से बंद कमरे में रखे कम्प्यूटर या मोबाइल की स्क्रीन पर समेटकर ला देने वाला मूल मंत्र वर्ल्ड वाइड वेब (डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू) आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। यही शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू नामक इंटरनेट की मायावी दुनिया में प्रवेश कराने वाली यह खिड़की कब और कैसे अस्तित्व में आई? वर्ष 1989 में डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स ली ने। वर्तमान में वेबपेज से जुड़ने या उसका निर्माण करने के लिए जो भी तरीके अपनाए जाते हैं, उनके पीछे बर्नर्स का ही दिमाग है। 08 जून, 1955 को लंदन में जन्मे बर्नर्स ली ने 1976 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कालेज से ग्रेजुएशन किया था और उसी दौरान मात्र 21 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपने लिए एक छोटा सा कम्प्यूटर सेट बना लिया था। बर्नर्स ली के दिमाग में 1980 में अचानक ही डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू से संबंधित शुरूआती विचार आया। उस दौरान वह एक कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे थे। तब उन्होंने कम्प्यूटर में मौजूद विभिन्न फाइलों को आपस में जोड़ने के लिए इनक्वायर नामक एक प्रोग्राम तैयार किया। वह कम्प्यूटर पर मौजूद अपने दस्तावेजों और फाइलों को खोलने के लिए कुछ खास कोड नंबरों का प्रयोग किया करते थे और उनका यह तरीका कम्प्यूटर पर सफलतापूर्वक काम भी करता था किन्तु उन्होंने इससे भी आगे कुछ करने की ठानी थी। दरअसल बर्नर्स ली एक ऐसा ग्लोबल प्रोजेक्ट बनाना चाहते थे, जिसकी मदद से दुनिया के सभी कम्प्यूटरों को एक व्यापक सूचना तंत्र द्वारा जोड़ा जा सके और उन्हें अपने उद्देश्य में सफलता भी मिली। वह इंटरनेट के जरिये दुनियाभर के लोगों को सूचनाओं के एक विस्तृत नेटवर्क से जोड़ पाने में सफल हो गए। इस तरह इंटरनेट पर डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू की शुरूआत 1991 में हुई। टिम बर्नर्स ली को एक इंटरनेट आधारित संचार प्रणाली विकसित करने में उनकी रचनात्मकता के लिए सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 01 अगस्त को ह्यवर्ल्ड वाइड वेब दिवसह्न मनाया जाता है। 1993 में इंटरनेट पर टेक्स्ट के साथ-साथ पिक्चर्स व ग्राफिक्स का प्रसारण भी शुरू हो गया, जिससे धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़नी शुरू हो गई और आज इंटरनेट की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या आज दुनिया भर में करोड़ों में हैं। इस बात से आज हर कोई परिचित है कि इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का खजाना है पर आपको यह खजाना खोजना भी तो आना चाहिए। वर्ल्ड वाइड वेब पर एक ही विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियों के असंख्य पृष्ठ भरे पड़े हैं, यदि आपको उनमें से अपने मतलब की जानकारी खोजने का तरीका ही मालूम नहीं हो तो आपके लिए यह सब किस काम के? मान लिया जाए कि जिस विषय पर आपको किसी जानकारी की आवश्यकता है, उससे संबंधित कुछ वेबसाइटों की आपको जानकारी भी है लेकिन यदि उन वेबसाइटों पर आपके मतलब की जानकारी न मिले, तब आप क्या करेंगे? आपकी इसी मुश्किल को आसान करता है इंटरनेट सर्च इंजन। इंटरनेट पर कुछ भी खोजते समय इंटरनेट सर्च इंजन ही आपकी मदद करता है। जिस भी विषय के बारे में आप जानकारी चाहते हैं, इंटरनेट सर्च इंजन के टूल बार में उसका नाम टाइप करने के बाद एक क्लिक करते ही यह उस विषय से संबंधित ढेरों पेज आपके सामने खुल जाते हैं और इस तरह आप अपनी जरूरत आसानी से पूरी कर सकते हैं।

# I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



तमाम संचार माध्यमों में सोशल मीडिया काफी सशक्त माध्यम के रूप में है। हर घर, हर हाथ तक इसकी पहुंच बन चुकी है। जाहिर है यह मीडिया काफी असर डालता है। डाल भी रहा है। उतना ही जरूरी यह भी हो गया है कि तमाम कोशिशों के बावजूद सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर रोक नहीं लग पा रही है। यह काफी संवेदनशील मामला है। ऐसा नहीं कि इस बात की जानकारी या समझ सरकार और प्रशासन को नहीं है। सभी जानते हैं कि कोई भी घटना, दुर्घटना, गतिविधया या आपत्तिजनक सामग्री कितनी तेजी से लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। यही कारण है कि किसी भी संवेदनशील मामले में प्रशासन की ओर से जो पहली कार्रवाई की जाती है वह है इंटरनेट सेवाओं को बंद करना। एक तरह से यह संवेदनशील चीजों को प्रसारित होने से रोकने का प्रयास होता है। कुछ ही समय के लिए सही यह प्रयास कारगर भी होता है। प्रशासन को थोड़ा वक्त मिल जाता है कि वह हालात पर नियंत्रण कर सके। हालांकि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। व्यक्तिगत रूप से कुछ लोग इसे हथियार के रूप में इस्तेमाल करने लगे हैं। ग्लोबल पहुंच के कारण यह काफी खतरनाक है। कोई भी व्यक्ति किसी भी बड़े आदमी पर टिप्पणी कर दे रहा है। ऐसे ही एक मामले में गोंदा थाना की पुलिस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर अभद्र ट्वीट करने के आरोप में आरोपित दीपक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एक दिन पूर्व भी ऐसी ही एक कार्रवाई में कथित न्यूज चैनल के संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस तरह के मामलों पर और अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

**शत्रुघ्न महतो, जिला सचिव, आजसू पार्टी।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

## नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद खोला गया डैम का गेट



**ROURKELA :** ओडिशा राज्य में भारी बारिश के कारण डैम और नदी में जलस्तर बढ़ रहा है। कांसबहाल में मंदिरा डैम का जलस्तर बढ़ने के कारण सात गेट खोल दिए गए हैं। सात स्पिलवे खोले गए हैं जबकि दो स्लुइस गेट खोले गए हैं। बढ़ते जल स्तर (अब 684 फीट) और लगभग 16856 क्यूसेक पानी की आवक को देखते हुए मंदिरा डैम के और गेट खोल दिए गए है। 7 स्पिलवे गेट प्रत्येक 3 फीट खुले हैं और 2 स्लुइस गेट प्रत्येक 6 इंच खुले हैं। मंदिरा डैम के 11 में से 7 गेट खोले जाने से ब्राह्मणी नदी में जलस्तर बढ़ने की संभावना है। इसलिए नदी के किनारे रहने वाले लोगों को सावधान रहने की सलाह दी जाती है। नदी में विभिन्न गतिविधियों से परहेज करने को कहा गया है।

## करंट लगने और वज्रपात की चपेट में आने से दो नाबालिगों की मौत



**ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) की एक सुरक्षा कौशल प्रशिक्षण इकाई दीक्षा-इस्पात सुरक्षा कौशल केंद्र में 103 ठेका श्रमिकों को विभिन्न औद्योगिक सुरक्षा पहलुओं में प्रशिक्षित किया गया। 28 जुलाई को कन्वेयर बेल्ट ऑपरेशन पर आधारित कार्यक्रम में 33 ठेका श्रमिकों ने भाग लिया, जबकि 27 जुलाई को सामग्री संभालने (मटेरियल हैंडलिंग) पर प्रशिक्षण में 42 श्रमिकों शामिल हुए। 26 जुलाई को गैस सुरक्षा पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 26 श्रमिकों ने भाग लिया। महाप्रबंधक संजय मेहरोत्रा, श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत डीटीएनबीडब्ल्यूई. के क्षेत्रीय निदेशालय के एसएन ओझा और महाप्रबंधक प्रभारी (सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग) आशा कर्था ने अलग-अलग दिनों में समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने प्रतिभागियों से बातचीत की, फीडबैक लिया और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए ठेका श्रमिकों को प्रमाण पत्र भी सौंपे।

## वर्तमान सरकार में महिला उत्पीड़न की घटनाएं आम बात : भाजपा जिलाध्यक्ष

**CHAIBASA :** भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश पुरी ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस तथा आरजेडी वाली गठबंधन की सरकार में महिला उत्पीड़न चरम पर है। हर दिन आदिवासी महिलाओं पर होने वाले अनाचार एवं उत्पीड़न चरम पर है। झारखंड में वर्तमान की हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली ठगबंधन की सरकार में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है जिसके कारण से अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। हेमंत के शासनकाल में हत्या, लूट, बलात्कार, चोरी, डकैती, दंगा जैसी घटना इस राज्य के हर जिले में आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए गए बबूल के पेड़ से आज वहां के रहने वाली मूलवासी तथा वहां की जनजाति घायल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ समय से मणिपुर में जो घटनाएं घट रही है वह पीड़ादायक और निंदनीय है।

## एकमुश्त व अधिक बिजली बिल आने से ग्रामीण परेशान

**CHAIBASA :** बंदगांव प्रखंड के सुदुरवती क्षेत्र के डोम्बारी गांव के लोगों को विद्युत विभाग द्वारा पिछले कई वर्षों से बिजली बिल नहीं भेजा जा रहा था। अब अचानक छह वर्षों के बाद सभी बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त बिजली बिल भेज दिया गया है। इनमें से कई उपभोक्ताओं के घर में विद्युत मीटर तक नहीं लगा है, इसके बावजूद भारी भरकम बिल आ जाने से लोग परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से बिल नहीं आने के कारण उन्होंने सही समय पर बिल जमा नहीं किया था।

### उपायुक्त से मिला अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

# TRANSFER पोर्टल की खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ (अजप्टा) का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष महेश सिंह एवं महासचिव उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त सह जिला शिक्षा स्थापना समिति के अध्यक्ष अनन्य मित्तल एवं जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील से मुलाकात की। उन्होंने उभय पदाधिकारियों को ट्रांस्फर पोर्टल में जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात को आधार बनाकर अतिरिक्त ईकाई दिखाकर हटाए जानेवाले सूची में व्याप्त खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

संघ के पदाधिकारियों का कहना था कि जिस आंकड़े को आधार बनाकर शिक्षकों को हटाया जा रहा है वह एक वर्ष पुराना है। यही कारण है कि उक्त सूची में वैसे शिक्षक-शिक्षिकाओं का नाम भी शामिल है जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मजेदार बात ये कि उक्त सूची को जिला शिक्षा अधीक्षक ने 27 जुलाई 2023 को हस्ताक्षरित किया है।




उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। • फोटोन न्यूज

संघ के अध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि ऐसे अनेकों विसंगतियां हैं जिसका निराकरण किए वगैर अगर स्थानांतरण प्रक्रिया को अंजाम दिया गया तो इससे और विसंगति उत्पन्न हो जाएगी और बहुत सारे विद्यालय तो शिक्षक के आभाव में बन्द हो जाएंगे। एक तरफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बंद विद्यालयों को खोलना चाह रही है वहीं पीरामल फाउंडेशन जैसे गैर सरकारी संगठन शिक्षा विभाग का बेड़ा गर्क कर सरकार को बदनाम करने पर तुले हुए हैं।

अजप्टा के प्रतिनिधियों ने द्वय पदाधिकारीयों से विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने का मामला भी उठाया। जिला शिक्षा अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सितंबर या अक्तुबर माह तक स्थापित नियमावली का पालन करते हुए अहतार्धारी शिक्षकों को ग्रेड-4 में प्रोन्नति दे दी जाएगी। विभाग ने इस दिशा में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है तथा नियुक्ति तिथि से जिस तरह ग्रेड-1 एवं ग्रेड-2 देने का कार्य पूरा किया गया है उसी तरह यह कार्य को भी ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा। ग्रेड-7 में प्रोन्नति के मामले पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने निदेशालय से स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त होने पर ही कार्यवाई की बात कही।

महासचिव उपेंद्र सिंह ने जिला शिक्षा अधीक्षक का ध्यान विभिन्न प्रखण्डों में शिक्षकों के वेतन भुगतान में हो रहे विलंब की ओर आकृष्ट कराया। उन्होने बताया कि जिले के कई प्रखण्डों में निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के मनमानी के कारण शिक्षकों के वेतन भुगतान में विलंब हो रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा संघ को आश्वस्त किया कि वे अपने स्तर से सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को महीने के 1 से 2 तारीख के बीच वेतन भुगतान सुनिश्चित करने को कहेंगे।

उपायुक्त से वार्ता में महासचिव उपेंद्र सिंह ने जिले के विभिन्न प्रखण्डों में शिक्षकों द्वारा सामान्य भविष्य निधि से निकासी में आ रही कठिनाइयों के बारे में जानकारी दी। शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को पुरानी व्यवस्था कायम करने अथवा क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर सामान्य भविष्य निधि से निकासी का कार्य पूरा कराने का आदेश दिया।

इससे पूर्व अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से संघ के वरीय सदस्य सह नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक असीम कुमार सिंह ने उपायुक्त अनन्य मित्तल को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों भूमि सम्मान प्राप्त कर जिला का मान बढ़ाने के लिए पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# जन्म प्रमाण पत्र के बैकलॉग की संख्या को समाप्त करने का निर्देश




बैठक में मौजूद उपायुक्त अनन्य मित्तल व अन्य पदाधिकारी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जिला समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में 14 जुलाई से 14 अगस्त तक संचालित जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि संचालित अभियान के दौरान विगत 15 दिनों में 4109 जन्म प्रमाण पत्र तथा 382 मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है।

बैठक में उपायुक्त ने जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को प्रमाण पत्र निर्गमन के कार्यों में तेजी लाने सहित सिविल सर्जन को वर्ष 2022 व 2023 के जन्म प्रमाण पत्र के बैकलॉग की संख्या को आगामी 14 अगस्त तक समाप्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला में संचालित सभी विद्यालयों में अनिबंधित छात्र-छात्राओं का निबंधन तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनवाड़ी केंद्र में अनिबंधित बच्चों के निबंधन पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिया। कार्यशाला में सहायक समाहर्ता श्रुति राजलक्ष्मी, सिविल सर्जन डॉ.साहिर पाल, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीषा कुजूर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मी बिनोभा की हत्या के 25 साल पुराने मामले में पूर्व विधायक समेत 13 को उम्रकैद

**PHOTON NEWS ODISHA :** सिंधीगांव में इस्पात संयंत्र के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए प्रदर्शन के दौरान 18 जून, 1998 को आरोपियों ने एक थाने पर बम फेंका था, जिसमें रिजर्व पुलिस के निरीक्षक बिनोभा मेहर की मौत हो गयी थी।

बरहमपुर। ओडिशा के गंजाम जिले की एक अदालत ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेता एवं पूर्व विधायक एन नारायण रेड्डी समेत 13 लोगों को भूमि अधिग्रहण रोधी आंदोलन के दौरान एक पुलिसकर्मी की हत्या करने के 25 साल पुराने मामले में उम्रकैद की सजा सुनायी है। सिंधीगांव में इस्पात संयंत्र के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण के विरूद्ध प्रदर्शन के दौरान 18 जून, 1998 को आरोपियों ने एक थाने पर बम फेंका था, जिसमें रिजर्व पुलिस के निरीक्षक बिनोभा मेहर की मौत हो गयी थी।

सरकारी वकील निरंजन पधी ने बताया कि पूर्व विधायक समेत 22 लोगों को इस मामले में नामजद किया गया था, उनमें से 13 अदालत में पेश हुए, जबकि तीन खराब स्वास्थ्य के कारण नहीं आये एवं छह अन्य की पहले ही मौत हो चुकी है।

एडीजे -3 की अदालत के न्यायाधीश राज कुमार दास ने 65 गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद 25 साल पुराने इस मामले में फैसला सुनाया। इस जमीन अधिग्रहण विरोधी आंदोलन की अगुवाई करने वाले रेड्डी (68) कर रहे थे। कोर्ट से सजा मिलने के बाद कहा कि वे लोग इंसाफ पाने के लिए ऊपरी अदालत जायेंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि हम इस फैसले से बहुत निराश हैं। हम इंसाफ पाने के लिए ऊपरी अदालत जायेंगे। उन्होंने कहा कि अभी पूरी तरह न्याय नहीं हुआ है। हम लोग उपरी अदालत में जायेंगे वहा न्याय जरूर मिलेगा।

# RSP के दीक्षा कौशल केंद्र में 100 से अधिक ठेका श्रमिक हुए प्रशिक्षित

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) की एक सुरक्षा कौशल प्रशिक्षण इकाई दीक्षा - इस्पात सुरक्षा कौशल केंद्र में 103 ठेका श्रमिकों को विभिन्न औद्योगिक सुरक्षा पहलुओं में प्रशिक्षित किया गया। 28 जुलाई को कन्वेयर बेल्ट ऑपरेशन पर आधारित कार्यक्रम में 33 ठेका श्रमिकों ने भाग लिया, जबकि 27 जुलाई को सामग्री संभालने (मटेरियल हैंडलिंग) पर प्रशिक्षण में 42 श्रमिकों शामिल हुए। 26 जुलाई को गैस सुरक्षा पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 26 श्रमिकों ने भाग लिया।



प्रशिक्षण में ठेका श्रमिक। • फोटोन न्यूज

महाप्रबंधक संजय मेहरोत्रा, श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत डीटीएनबीडब्ल्यूई. के क्षेत्रीय निदेशालय के एसएन ओझा और महाप्रबंधक प्रभारी (सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग) आशा कर्था ने अलग-अलग दिनों में समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने प्रतिभागियों से बातचीत की, फीडबैक लिया और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए ठेका श्रमिकों को प्रमाण पत्र भी सौंपे।

# इस्पात इंग्लिश मीडियम स्कूल में जूनियर और सीनियर सेक्शन का होगा मर्जर

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र के इस्पात इंग्लिश मीडियम स्कूल, सेक्टर-20 में जूनियर सेक्शन और सीनियर सेक्शन के मर्जर का उत्सव मनाने और छोटे बच्चों के स्वागत के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। मुख्य महा प्रबंधक (नगर प्रशासन एवं सीएसआर) पीके स्वाई समारोह के मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने सेक्टर-20 के मूल स्कूल में विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए मिठाइयां बांटी। इस अवसर पर महा प्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएं) पीके. दास, मनोज अग्रवाल, प्रिंसिपल कंगर नायक, प्रिंसिपल सुश्रीता दास, स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित थे।

जूनियर सेक्शन के बच्चों ने चारों ओर गुब्बारे और सुंदर पेंटिंग तथा स्केच से सुसज्जित बच्चों के अनुकूल बनाये गए परिसर में स्कूल में कक्षाओं में पढ़ाई की। कक्षा 1 से 5 तक के लगभग 500 विद्यार्थी अब आईईएमएस सेक्टर-18 के बजाय आईईएमएस सेक्टर-20 की कक्षाओं में पढेंगे।



बच्चों के बीच मिठाई बांटते अतिथि। • फोटोन न्यूज

### ट्रेनों के ठहराव को लेकर रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**ROURKELA :** विरमित्रपुर विधायक शंकर ओराम ने दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव से मुलाकात की और विभिन्न ट्रेनों के ठहरने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। रेलमंत्री ने नुआगांव स्टेशन पर तपस्विनी एक्सप्रेस, बिसरा स्टेशन पर उत्कल एक्सप्रेस और पैसेंजर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। स्थानीय लोगो की ओर से विधायक ने रेल मंत्री काआभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक के साथ राउरकेला स्टील वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष हिमांशु बल भी मौजूद थे।



# मणिपुर घटना पर केंद्र द्वारा कारगर कदम नहीं उठाए जाने के विरोध में 'इंडिया' का धरना प्रदर्शन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** विगत तीन महीनों से मणिपुर में जारी जातीय हिंसा और उपद्रवी भीड़ द्वारा जनजातीय महिलाओं को सरेआम नंगा कर सड़कों पर घुमाने एवं उनके साथ सामूहिक बलात्कार तथा दुर्व्यवहार की बेहद शर्मनाक घटना घटने के बावजूद केन्द्र सरकार द्वारा संसद में मणिपुर की घटना पर कोई चर्चा नहीं करने और हिंसा रोकने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाने के विरोध में मंगलवार को झामुमो, कांग्रेस और जदयू समेत टीम इण्डिया के घटक दलों ने संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय में एकदिवसीय महाधरना दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह केन्द्रीय सदस्य इकबाल अहमद ने तथा संचालन राहुल आदित्य ने किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए झामुमो जिला सचिव सोनाराम देवगम ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद से देश के विभिन्न हिस्सों में आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर अत्याचार और हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। गांधीवादी विचारधारा से चलने वाले देश को मनुवादी विचारधारा से चलाया जा रहा है। जाति और धर्म के आधार पर लोगों को बांट कर नफरत की राजनीति की जा रही है। मणिपुर की घटना इसी विकृत सोच का नतीजा है




महाधरना में उपस्थित इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

मणिपुर की घटना ने पूरे देश को कलंकित करने का काम किया है उसके बावजूद केन्द्र सरकार का संसद में चर्चा नहीं करना तथा हिंसा रोकने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाना काफी निंदनीय है। देश में आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए देश में भाजपा की केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को उखाड़ फेंकना जरुरी है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष चन्द्र शेखर दास ने कहा कि जो सरकार जातीय हिंसा की आग को रोक नहीं सकती, महिलाओं के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है । उस निकम्मी सरकार को अविलंब बर्खास्त कर देना चाहिए। इस तरह की अमानवीय घटनाओं को मूकदर्शक होकर देखते रहने वाली केन्द्र सरकार भी मणिपुर की शर्मनाक घटना के लिए उतना ही जिम्मेवार है। टीम इण्डिया देश के आदिवासी दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

जदयू के जिला अध्यक्ष ने टीम इंडिया की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि 2024 में टीम इंडिया के सामने भाजपा और उसके सहयोगी कहीं नहीं टिकेंगे। देश के उज्ज्वल भविष्य और लोगों में भाईचारा बनाए रख कर देशवासियों को एकजुट रखने के लिए टीम इण्डिया जरुरी है।

महाधरना को इकबाल अहमद, दीपक कुमार प्रधान, त्रिशानु राय, नितिमा बारी, सोमबारी बहान्दा, अभिषेक सिंकु, दीनबंधु बोयपाई, राज कुमार रजक, मायाधर बेहरा, मसीह दास भुंईया, प्रेम मुंडरी, पुरेन्द्र हेम्बरोम, सुखदेव बिरुली, शशिभूषण पिंगुवा, राजेश पिंगुवा, बालेमा कुई, मेवालाल होनहागा, अजीत कुंकल, सोहेल अहमद, मनोज लागुरी, रमेश कारोवा आदि ने भी संबोधित किया।

### कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती पर इप्टा चाईबासा शाखा की ओर से जयंती समारोह आयोजित

# कहानियों की जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती पर इप्टा, चाईबासा शाखा द्वारा आयोजित प्रेमचंद जयंती समारोह में किरदार नाट्य दल, चक्रधरपुर के प्रख्यात स्टोरी टेलर सह सिनेमा और टी.वी. सीरियल फेम दिनकर शर्मा और और उनकी रंगकर्मी छात्रा खुशी वर्मा ने क्रमशः कहानी 'बड़े भाई साहब' और 'नमक का दारोगा' की जीवंत प्रस्तुति कर उपस्थित दर्शकों के मर्म को स्पर्श किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम आमंत्रित कलाकारों और दर्शकों का स्वागत अध्यक्ष कैसर परवेज और सचिव संजय कु. चौधरी के द्वारा किया गया। तत्पश्चात प्रेमचंद जी की तस्वीर के समीप दीप प्रज्वलित कर और कथा सम्राट को माल्यार्पण कर संस्था के सदस्यों एवं आगंतुक दर्शकों द्वारा श्रद्धा-सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। • फोटोन न्यूज

इसके बाद संचालिका शीतल सुगंधिनी बागे ने उपन्यास सम्राट के व्यक्तित्व और कृतित्व पर सारगर्भित चर्चा करते हुए कार्यक्रम की अगली कड़ी की शुरूआत की। अब खुशी वर्मा मंच पर थी और शुरू हुआ प्रेमचंद को उनकी कहानियों के द्वारा समझने का दौर। खुशी ने कहानी 'नमक का दारोगा' की शुरूआत ही इतनी मजबूती से किया कि, दर्शकगण स्वतः ही प्रस्तुति के साथ जुड़ गए और अंत तक खुशी की संवाद अदायगी, भाव-भंगिमाओं के साथ भावनात्मक रूप से बहते चले गए। इसके बाद आमंत्रित कलाकार दिनकर शर्मा ने प्रेमचंद की कहानी 'बड़े भाई साहब' का मंचन शुरू किया। दो भाइयों की रिश्तों पर केंद्रित इस कहानी की प्रस्तुति में दिनकर जी का अनुभव स्पष्ट दिखाई दिया। दोनों भाइयों के चरित्र को दिनकर ने अपने सात्विक अभिनय से उपस्थित दर्शकों के समक्ष दृश्यात्मक कर दिया। दिनकर की प्रस्तुति को दर्शकों की भरपूर सराहना मिली। दोनों ही प्रस्तुतियां लाजवाब रहीं। अंत में विशिष्ट प्रस्तुति के रूप में खुशी वर्मा ने दिनकर शर्मा की कविता 'रेप' की नाटकीय प्रस्तुति दी। बलात्कार जैसे ज्वलंत मुद्दे पर आधारित इस अद्भुत प्रस्तुति ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया और सब की आंखें नम हो गई। दर्शकों की प्रतिक्रियाएं ये बता रही थी कि प्रस्तुतियों का गहरा प्रभाव उनपर पड़ा है।

देवेन्द्र कु. मिश्रा ने अपने वक्तव्य में प्रेमचंद के कथासाहित्य पर गहराई से दृष्टिपात करते हुए कहा कि, आज भी प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता और उपयोगिता बनी हुई है और आगे भी बनी रहेगी। कार्यक्रम में परवेज आलम, कैसर परवेज और शीतल सुगंधिनी बागे ने सामूहिक जनगीत का गायन भी किया।

मौके पर ही शहर की शिक्षाविद डॉ.शशिलता ने जर्मनी से वीडियो कॉल के जरिए हिंदी सहित्य के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करते हुए बड़े उत्सुकता के साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और रंगकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब तक हिंदी साहित्य रहेगा तब तक प्रेमचंद की रचनाओं को पढ़ा जाएगा और साहित्य से लोगों का प्रेम बना रहेगा। उन्होंने इप्टा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम की सफलता में इप्टा, चाईबासा के सदस्य श्यामल दास, मौसम राम, शिवशंकर राम, अन्नू पूर्ती, रोबिन आदि का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में अनंत कुमार विश्वकर्मा, प्रताप कटियार, प्रशांत कुमार सहित काफी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे।

# निर्माण श्रमिकों के बीच पहचान पत्रों का वितरण



श्रमिकों को पहचान-पत्र देते श्रम मंत्री शारदा नायक। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के छंद कॉलोनी बाजार में जिला श्रम विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ओडिशा सरकार के श्रम और इएसआई मंत्री शारदा प्रसाद नायक, राउरकेला के अतिरिक्त जिला पाल डॉ. शुभांकर महापात्रा ने भाग लिया और 10 निर्माण श्रमिकों को पहचान पत्र वितरित किए।

जागरूकता कार्यक्रम में 150 से अधिक निर्माण श्रमिक उपस्थित थे। इन सभी को पहचान पत्र वितरित किए गए। सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संयुक्त श्रमा आयुक्त, जिला श्रम पदाधिकारी, अतिरिक्त श्रम पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Wednesday, 02 August 2023



# एक्ट्रेस बनने से पहले यह काम करती थीं कियारा आडवाणी


बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी 31 जुलाई को अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। फिल्म 'फुगली' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत करने वाली कियारा ने कई हिट फिल्मों में काम किया हैं। उन्हें फिल्म 'कबीर सिंह' से काफी लोकप्रियता मिली है। इस फिल्म में उन्होंने 'प्रीति' का किरदार निभाया और आज भी कई लोग उन्हें इसी नाम से बुलाते हैं।

लेकिन क्या आप जानते हैं फिल्मों में आने से पहले कियारा आडवाणी क्या काम करती थीं? एक इंटरव्यू के दौरान कियारा ने अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े कुछ खुलासे किए थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस बनने से पहले वो एक प्ले स्कूल में बच्चों को संभालने का काम करती थीं।

कियारा ने बताया था कि वो एक्ट्रेस बनने से पहले बेबी सिटिंग का काम करती थीं। कियारा ने कहा, एक्ट्रेस बनने से पहले मैं अपनी मां के प्री-स्कूल में काम करती थी। मैं वहां सुबह 7 बजे पहुंचकर बच्चों की देखभाल करती थी। मैंने वहां बच्चों को संभालने के सारे काम किए।

एक्ट्रेस ने कहा था कि बच्चों को नर्सरी की कविताएं सुनाती थी, उन्हें अल्फाबेट्स और नंबर्स याद करवाती थी। इतना ही नहीं, मैंने बच्चों के डायपर भी चेंज किए हैं, मुझे बच्चे बहुत पसंद हैं।

# 'ओएमजी 2' को मिला यूए सर्टिफिकेट, अक्षय कुमार के किरदार में होंगे बदलाव



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म 'ओएमजी 2' टीजर रिलीज के बाद से ही विवादों में उलझी हुई है। टीजर रिलीज के बाद फिल्म के एक सीन को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद सेंसर बोर्ड ने 'ओएमजी 2' की रिलीज पर रोक लगा दी थी और फिलम को वापस रिव्यू कमेटी के पास भेज दिया था।

फिल्म की रिलीज को महज कुछ दिन बचे हैं और सेंसर बोर्ड है फिल्म के सर्टिफिकेट को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पा रहा है। इस फिल्म के मेकर्स और सीएफसी के अधिकारियों के बीच मीटिंग्स का दौर जारी है। बीते दिनों खबर आई थी कि सेंसर बोर्ड में 20 कट्स का सुझाव देते हुए 'ओएमजी 2' को ए सर्टिफिकेट देने की पेशकश की है।

वहीं अब खबर आ रही है कि सेंसर बोर्ड ने 'ओएमजी 2' को यूए सर्टिफिकेट दे दिया है। बोर्ड ने मेकर्स को फिल्म में 20 कट और 15 बदलाव करने के सुझाव दिए हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म में अक्षय कुमार के कैरेक्टर को लेकर भी बदलाव किया जा सकता है। फिल्म में पहले अक्षय कुमार को भगवान शिव का अवतार बताया जा रहा था लेकिन अब उन्हें शिव का दूत बताया जा सकता है। बोर्ड की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद अब ये बहुत हद तक संभव है कि फिल्म ओएमजी 2 का ट्रेलर अगले हफ्ते रिलीज हो जाए।

फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन हो सकती है। मेकर्स को सेंसर बोर्ड के निर्देशों का पालन करना होगा, इसकी वजह से फिल्म को रिलीज होने में अभी टाइम लग सकता है। 11 अगस्त को रिलीज होने वाली 'ओएमजी 2' का प्रमोशन विवादों की वजह से मेकर्स अभी तक शुरू नहीं कर पाए हैं। बता दें कि 'ओएमजी 2' में अक्षय कुमार के साथ यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में अरुण गोविल भगवान राम के किरदार में दिखेंगे। यह फिल्म अमित राय द्वारा निर्देशित और लिखित है।



# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने चार दिन में 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया


करण जौहर निर्देशक की कुर्सी पर वापस आ गए हैं! फिल्म निर्माता को उनकी फिल्मों में रोमांस के चित्रण के लिए जाना जाता है और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी भी इससे अलग नहीं है। सितारों से सजी यह फिल्म जहां आपके चेहरे पर मुस्कान बनाए रखेगी, वहीं यह आपको कभी-कभी भावुक भी कर देगी। लेकिन कुल मिलाकर यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी से कहीं अधिक, एक संपूर्ण मनोरंजक फिल्म है और आपके हर समय के लायक है।


करण जौहर द्वारा निर्देशित रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म रॉकी ??और रानी की प्रेम कहानी ने रिलीज होने के पहले चार दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 52.92 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। निर्माताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जौहर द्वारा निर्देशित रॉकी ??और रानी की प्रेम कहानी दो विपरीत पृष्ठभूमि और संस्कृतियों से संबंध रखने वाले एक जोड़े की प्रेम कहानी है। इस पारिवारिक मनोरंजन फिल्म में धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन भी हैं।

करण जौहर के बैनर धर्मा प्रोडक्शन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की कमाई के नवीनतम आंकड़ों की जानकारी साझा की। प्रोडक्शन हाउस ने ट्विटर पर लिखा, रंधावा और चटर्जी की यह कहानी बॉक्स ऑफिस को मनोरंजन और प्यार से भर रही है। बैनर के अनुसार, फिल्म ने सोमवार को 7.03 करोड़ रूपये कमाए जिससे कुल कमाई 45.90 करोड़ रुपये से बढ़कर 52.92 करोड़ रुपये हो गई।

# शोभिता धूलिपालाने रैंप वॉक के दौरान ईशान खट्टर को किया इग्नोर, सोशल मीडिया पर उड़ा मजाक


शोभिता धूलिपाला ने रैंप वॉक के दौरान ईशान खट्टर को उस समय नजरअंदाज कर दिया जब वे दोनों एक ही डिजाइनर के लिए वॉक करते दिखे। प्रशंसक इस वीडियो को बार बार देख रहेल हैं और दावा कर रहे हैं कि वे इसे 1000 से अधिक बार देख सकते हैं हाल ही में मेड इन हेवन 2 की अभिनेत्री और ईशान ने रैंप वॉक किया। दिल्ली में एक साथ रैंप पर और उनकी केमिस्ट्री शून्य थी और वास्तव में शोभिता द्वारा ईशान को रैंप पर नजरअंदाज करने से सभी का ध्यान आकर्षित हुआ और कई लोग उनके रवैये पर उनकी आलोचना कर रहे हैं और अन्य लोग इसे पसंद कर रहे हैं और उन्हें पेशेवर कह रहे हैं। शोभिता हॉट लग रही थीं, लेकिन ईशान को नजरअंदाज करना शहर में चर्चा का विषय बन गया और वीडियो जंगल की आग की तरह इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर प्रशंसकों और नेटिज़न्स की मजेदार प्रतिक्रियाएं देखें। एक यूजर ने कमेंट किया, 'अब ये नल्ले नेपो किड्स फुटेज लेंगे ज़बरदस्ती चिपकेंगे टैलेंटेड आउटसाइडर से卐। एक अन्य यूजर ने कहा, 卐ईशान को रैंप पर कौन बुलाया..गार्डन भेजना था इसे गोटी खेलने के लिए।卐 एक और यूजर ने कहा, 'उसने उस बेचारे की तरफ देखा तक नहीं।' एक फैन ने कमेंट किया, 'मैं अपनी जिंदगी की समस्याओं को वैसे ही नजरअंदाज कर दूंगा जैसे शोभिता ने ईशान को नजरअंदाज किया था।'





# सोशल मीडिया पर कहर बरपा रही किम

सोशल मीडिया पर हालीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपनी बोल्ड फोटोज शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरें इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल होती हैं। इसी बीच किम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से बाथ लेते हुए की कुछ फोटोज शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर खूब कहर बरपा रही हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि किम कार्दशियन ब्लैक बिकिनी पहने स्विमिंग करती नजर आ रही हैं। बिकिनी पहन वह पानी में खूब गोते लगा रही हैं। नहाने के बाद पूल से बाहर निकल वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक देख उनके फैंस के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस की ये फोटोज इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं।



# विक्रांत संग मस्ती करती दिखीं मोनालिसा

हाल ही में भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति विक्रांत सिंह राजपूत संग कुछ लवी-डवी तस्वीरें शेयर की हैं, जो फैंस को खूब पसंद आ रही हैं। दरअसल, मोनालिसा ने ये तस्वीरें पति विक्रांत सिंह के बर्थडे पर शेयर की हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि जमकर मस्ती कर रही हैं। कपल एक दूजे के बाहों में बाहें डाले रोमांटिक पोज भी देता दिख रहा है। वहीं, कइयों में एक्ट्रेस पति पर किस करती नजर आ रही हैं तो कइयों में सोफे पर बैठ मस्ती करती दिख रही हैं। इस दौरान मोनालिसा पिंक टॉप और मैचिंग शॉर्ट्स में अपनी टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। हालांकि, इस दौरान उनका कैजुअल लुक देखने को मिल रहा है। वहीं, उनके पति विक्रांत भी व्हाइट और ब्लू टीशर्ट में कैजुअल नजर आ रहे हैं।

# मालिबू में मिउ मिउ इवेंट में स्पॉट किया गया गिगी हदीद

कई दिनों बाद हॉलीवुड एक्ट्रेस गिगी हदीद को मालिबू में मिउ मिउ इवेंट में स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबका ध्यान खींचती नजर आईं। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान 28 वर्षीय मॉडल बॉडीकोन ब्लैक ड्रेस में नजर आईं। इसके साथ उन्होंने व्हाइट मोजे और ब्लैक लोफर्स पेयर किए। चेहरे पर ब्लैक गॉगलस और खुले बालों में एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है। व्हाइट पर्स हाथ में कैरी किए गिगी कैमरे के सामने जबरदस्त पोज दे रही हैं। फैंस का एक्ट्रेस का ये लुक काफी पसंद आ रहा है। बता दें, गिगी हदीद को प्रिजनर डिटेंशन सेंटर में ले जाने के बाद जमानत पर रिहा किया गया था। जुर्म कबूल करने के बाद उन पर 1,000 डॉलर का जुर्माना लगा था। हालांकि, इस मामले में राहत मिलने के बाद एक्ट्रेस अपने दोस्तों संग चिल करती भी नजर आई थीं।

